visit us
www.rajasthandarshanpatrika.com
rajasthandarshanpatrika
rajasthandarshan-news
rajasthandarshan
rajasthan darshan-news channel
rajasthan darshan patrika

दैनिक प्रातः कालीन
RNI. NO.- RAJHIN/2022/ 82942

# राजस्थान दर्शन

डाक पंजीयन संख्या: jaipur city/005/2023-25




वर्ष 5 | अंक: 60 | जयपुर, शनिवार, 30 मई, 2026 | पृष्ठ : 8 | मूल्य- 2₹

## ब्रीफ न्यूज

### राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स ने हड़ताल स्थगित की



● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को 1 जून को प्रस्तावित हड़ताल को 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया। एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र भाटी ने बताया कि सरकार से कुछ मांगें थीं और उनसे वार्ता करना चाहते थे। सरकार ने 1 जून को इसके लिए समय दे दिया। राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवासन की अध्यक्षता में बैठक होगी और हमारी मांगें और समस्याएं उनके सामने रखेंगे। एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि तेल कंपनियां डीलर्स पर जबरन लिमिट लगाने और ब्रांडेड फ्यूल बेचने का दबाव बना रही हैं। उनके नियम व्यावहारिक नहीं हैं और पेट्रोल पंप संचालकों को इससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट बंद रहेगा




● राजस्थान दर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके की याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी किया। दिपके ने पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती दी। कोर्ट ने फिलहाल अकाउंट दोबारा चालू करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की बेंच ने कहा कि सरकार का पक्ष सुने बिना कोई आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणाम हैं। अदालत ने केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को तय की।

### अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर

● राजस्थान दर्शन

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई। अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा।



अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है। अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे।

**सख्ती : भजनलाल सरकार ने रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग पर की कठोर कार्रवाई**

# जीरो टॉलरेंस नीति से भ्रष्टाचार पर प्रहार, 103 अफसरों पर गिरी गाज

### - सरकार ने ढाई साल के काम के आंकड़े किए जारी

● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने कार्यकाल में जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में एक आईएएस अधिकारी सहित 103 अधिकारियों को निलंबित किया। इसके अलावा 6 अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया, जबकि 11 अधिकारियों की आजीवन शत-प्रतिशत पेंशन रोक दी गई। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाइयों को अंजाम दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने रिश्वत, ट्रैप, आय से अधिक संपत्ति और पद के दुरुपयोग से जुड़े 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की। वहीं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 मामलों में कठोर कार्रवाई की। आमजन को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता के पैसे पर डाका डालने वालों की न तो नौकरी बचेगी और न पेंशन।

### कोर्ट में दोषी साबित होते ही सेवाओं से कियाबर्खास्त

भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग मामलों में न्यायालय से दोष सिद्ध होने के बाद 6 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया गया। इनमें भरत प्रकाश मेघवाल, तत्कालीन विकास अधिकारी, सुवाणा (भीलवाड़ा), राजेश कुमार नैनावत, तत्कालीन कृषि उप निदेशक, झुंझुनूं, महावीर सिंह आसीवाल, तत्कालीन सहायक आयुक्त, भरतपुर (वित्त कर), डॉ. राम मोहन सिंह चौहान, तत्कालीन चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी बिछीवाड़ा (डूंगरपुर), डॉ. मुरलीधर शर्मा, तत्कालीन चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी रामगढ़ पचवारा (दौसा), डॉ. मनोहर लाल, तत्कालीन चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी रामगढ़ (अलवर) शामिल हैं।

### राज्य के 11 अधिकारियों की पेंशन पर लगी रोक

सरकार ने भ्रष्टाचार और गंभीर अनियमितताओं के मामलों में 11 अधिकारियों की आजीवन शत-प्रतिशत पेंशन रोक दी। इनमें प्रमुख रूप से बनवारी लाल मीणा, आरएएस, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, आरएएस, मनोहर लाल सिसोदिया, डॉ. शिवनारायण यादव, डॉ. राजेंद्र प्रसाद कोठारी, डॉ. कल्पना श्रीवास्तव, नृसिंह रेबारी, सुरेश माथुर, महेंद्र सिंह, आरपीएस, डॉ. लक्ष्मण दत्त शर्मा, डॉ. अविनाश कुमार शर्मा के नाम शामिल हैं।




# मौसम विभाग की चेतावनी, इस साल जून और जुलाई में भी चलेंगी हीटवेव

### मानसून श्रीलंका में अटका, 7 दिन बाद केरलम आएगा

### इस साल 10 फीसदी कम बारिश का बताया अनुमान


● राजस्थान दर्शन

**नई दिल्ली।** देश में इस बार मानसून के आने में देरी हो रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं के चलते मानसून केरलम तट से 30-35 किमी दूर पांच दिनों से अटका हुआ है और अगले 2-3 दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं। केरलम के तट पर मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून मानी जाती है। इससे पहले मौसम विभाग ने 26 मई तक मानसून आने का अनुमान जताया था। ताजा अनुमान के मुताबिक यह 7 दिन बाद केरल तट पर पहुंचेगा। यानी पिछले अनुमान से मानसून करीब 10 दिन बाद देश में प्रवेश करेगा। मौसम विभाग के मुताबिक जून और जुलाई में भी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश में हीटवेव चलने की संभावनाएं हैं। आमतौर पर उस वक्त तापमान 30-35 डिग्री तक रहता है। लेकिन इस बार 3 डिग्री से ज्यादा तापमान रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि इस साल देश में औसतन 78 सेंटीमीटर बारिश का अनुमान है, जो सामान्य से करीब 10 फीसदी कम है। 13 अप्रैल को 80 सेंटीमीटर बारिश का अनुमान लगाया गया था। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर देश में औसत बारिश 87 सेंटीमीटर मानी जाती है। बीते 150 साल में मानसून के केरलम पहुंचने की तारीखें अलग-अलग रहीं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरलम पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरलम पहुंचा था।

### देश में कम बारिश होने से खेती पर पड़ेगा सीधा असर

मौसम विभाग ने बताया कि इस साल मानसून के प्रमुख इलाकों में कम बारिश होगी। इस इलाके में खेती सबसे ज्यादा मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है। यानी बारिश का सीधा असर फसलों और खाद्य उत्पादन पर पड़ता है। मानसून के प्रमुख इलाकों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र का विदर्भ, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, कुछ हिस्से उत्तर प्रदेश और बिहार के इलाके आते हैं। यहां खेती पर असर पड़ने से किसानों को सीधा नुकसान होगा।







### पिछले साल 8 दिन पहले आया था मानसून

पिछले साल मानसून तय समय से 8 दिन पहले यानी 24 मई को केरलम पहुंच गया था। मानसून केरलम से आगे बढ़ते हुए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आमतौर पर मध्य जून तक पहुंचता है। 11 जून तक मुंबई और 8 जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है। इसकी वापसी उत्तर-पश्चिम भारत से 17 सितंबर को शुरू होती है और यह पूरी तरह 15 अक्टूबर तक लौट जाता है। अल नीनो इफेक्ट की वजह से मानसून में देरी हो सकती है।

### अल-नीनो के कारण कमजोर रहेगा मानसून

मौसम विभाग ने कहा कि कमजोर मानसून के पीछे की वजह अल-नीनो है। जून में अल नीनो का असर दिख सकता है। जुलाई और अगस्त में भी कमजोर से मध्यम स्तर का अल नीनो बने रहने की संभावना है। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असमान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

## यूपीएससी में कभी पेपर लीक नहीं हुआ, सीखने की जरूरत : सुप्रीम कोर्ट




### नीट प्रकरण में बोले- जवाबदेही तय होने तक घटनाएं नहीं रुकेंगी

● राजस्थान दर्शन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षाएं करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपरलीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक नहीं हो। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए गए। हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। री-टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं। देशभर में 3 मई को यह परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।

### सीबीएसई 1 जून से खोलेगा री-चेकिंग पोर्टल को

● राजस्थान दर्शन




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन समेत परीक्षा परिणाम के बाद की गतिविधियों के लिए पोर्टल एक जून से चालू हो जाएगा। बोर्ड ने बताया कि जो विद्यार्थी परिणाम-पश्चात गतिविधियों को लेकर पोर्टल पर आवेदन करना चाहते हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सुनिश्चित करने के लिए निर्णय लिया गया कि नामित पोर्टल एक जून 2026 से चालू हो जाएगा। बोर्ड ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य 'मूल्यांकन के उच्चतम मानकों और प्रोटोकॉल' को सुनिश्चित करना है। बोर्ड ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को कोई प्रश्न/जिज्ञासा हों, वे सीबीएसई टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन 1800 11 8004 और ईमेल आईडी पर संपर्क कर सकते हैं।

## ऋषभ पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ी, पंड्या छोड़ेंगे मुंबई इंडियंस का साथ

### - टीम में सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद को बताया बड़ा कारण

### - आईपीएल-2026 के समापन से पहले बदला टीमों का खाका

● राजस्थान दर्शन

**मुंबई।** आईपीएल के फाइनल मुकाबले से पहले शुक्रवार को विकेटकीपल-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ दी। फ्रेंचाइजी ने बताया कि पंत ने खुद कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया। लखनऊ की टीम इस सीजन में 10वें और आखिरी स्थान पर रही। एलएसजी ने पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा था और वे मौजूदा सीजन में महज 312 रन बना सके।


इधर, हार्दिक पंड्या को लेकर भी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। उन्होंने भी मुंबई इंडियंस को छोड़ने की इच्छा मैनेजमेंट को जताई है। आईपीएल के सूत्रों ने बताया कि बताया कि पांड्या ने इसकी जानकारी टीम के प्लेऑफ की रेस से बाहर होते ही मैनेजमेंट को दे दी थी। उन्होंने सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद को फैसले की वजह बताया था। 32 साल के ऑलराउंडर ने सीजन के बीच में मुंबई टीम मैनेजमेंट को बताया था कि वे टीम के खराब प्रदर्शन, सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद के चलते तनाव में हैं। अलग होने को लेकर पंड्या और मुंबई इंडियंस में सहमति बन गई। मुंबई इस सीजन में 9वें नंबर पर रहीं।

### लगातार तीसरे सीजन में एमआई छोड़ने की चर्चाएं

यह पहली बार नहीं जब हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस से अलग होने की चर्चा सामने आई हो। पंड्या 2015 से 2021 तक एमआई की ओर से खेले थे। इसके बाद उन्होंने टीम छोड़ दी और दो साल 2022 और 2023 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी की। 2024 में उनकी मुंबई में वापसी हुई और उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया। 2024 में मुंबई 10वें और आखिरी स्थान पर रही। 2025 में टीम प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई। इन दोनों सीजन के दौरान और इसके बाद खबरें आईं कि पंड्या मुंबई छोड़ सकते हैं या मुंबई उनसे कप्तानी छीन सकती हैं।

### रोहित की जगह कप्तानी मिली तो फैंस भड़के

हार्दिक पंड्या साल 2024 में मुंबई के कप्तान बनकर टीम में लौटे थे। इससे पहले उन्होंने दो साल तक गुजरात की कप्तानी की थी। मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तानी सौंपी थी। इस फैसले के बाद से एमआई फैंस नाराज थे। पहले साल 2024 में मैदान पर हार्दिक के खिलाफ जमकर हूटिंग हुई और मौजूदा सीजन में भी चीजें उनकी प्लानिंग के मुताबिक नहीं रहीं। लगातार दो सीजन तक दर्शकों के गुस्से का सामना करने के बावजूद हार्दिक ने हमेशा यही कहा कि यह सफर मुश्किल लेकिन मनोरंजक रहा है।



## टकराव : कर्नल बैंसला की मूर्ति लगाने पर अड़ा गुर्जर समाज



### - प्रशासन बोला-टाइगर रिजर्व क्षेत्र में संभव नहीं

### - विजय बैंसला ने कहा-मूर्ति तो यहीं पर लगेगी

● राजस्थान दर्शन

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की मूर्ति लगाने को लेकर शुक्रवार को गुर्जर समाज और पुलिस-प्रशासन आमने-सामने हो गए। कुशालीपुरा में गुर्जर शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि सभा के आयोजन में विजय सिंह बैंसला भी पहुंचे। गुर्जर समाज ने मांग की कि गुर्जर आरक्षण शहीद स्मारक पर कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की मूर्ति लगाई जाए। वहीं प्रशासन ने बताया कि यह जगह रणथंभौर टाइगर रिजर्व में आती है। इसके चलते यहां पर शहीद स्थल का निर्माण नहीं हो सकता। विवाद को देखते हुए मौके पर पुलिस जाब्ता मौजूद तैनात किया। सूचना पर सवाई माधोपुर से कलेक्टर कानाराम भी सभास्थल पहुंचे।

# मुश्किल में है आधी आबादी की आवाजाही



– डॉ. प्रियंका सौरभ

विडंबना यह है कि जिस दृश्य को हम प्रतिदिन देखते हैं, उसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक अर्थों को समझने की कोशिश बहुत कम करते हैं। भारतीय समाज में पुरुष और महिला की सार्वजनिक उपस्थिति को लेकर आज भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। यदि रात के समय कोई पुरुष सड़क पर चलता हुआ दिखाई दे, बस का इंतजार करता मिले या किसी चाय की दुकान पर बैठा हो, तो यह एक सामान्य बात मानी जाती है।

भारत में किसी बस स्टॉप पर खड़ी स्त्री का दृश्य सामान्य प्रतीत हो सकता है, लेकिन यदि हम उसे थोड़ा गहराई से देखें तो वह केवल एक यात्री नहीं दिखाई देती। वह अपने साथ समाज की अनेक परतें, संघर्ष, उम्मीदें और सवाल लेकर खड़ी होती है। वह बस का इंतज़ार कर रही होती है, लेकिन साथ ही वह अपने अधिकारों, अवसरों और सम्मानजनक अस्तित्व की भी प्रतीक्षा कर रही होती है। विडंबना यह है कि जिस दृश्य को हम प्रतिदिन देखते हैं, उसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक अर्थों को समझने की कोशिश बहुत कम करते हैं। भारतीय समाज में पुरुष और महिला की सार्वजनिक उपस्थिति को लेकर आज भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। यदि रात के समय कोई पुरुष सड़क पर चलता हुआ दिखाई दे, बस का इंतजार करता मिले या किसी चाय की दुकान पर बैठा हो, तो यह एक सामान्य बात मानी जाती है। लेकिन यदि वही दृश्य किसी महिला के साथ हो तो अनेक प्रश्न स्वतः खड़े हो जाते हैं। वह कहाँ जा रही है? अकेली क्यों है? इतनी देर तक बाहर रहने की क्या आवश्यकता है? कौन उसका इंतजार कर रहा होगा? ये प्रश्न केवल जिज्ञासा नहीं हैं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता के प्रतीक हैं जो महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही को अब भी पूरी तरह सहजता से स्वीकार नहीं कर पाई है। यह स्थिति केवल छोटे शहरों या ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। महानगरों में भी महिलाएँ सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं को पुरुषों की तुलना में अधिक असुरक्षित महसूस करती हैं। उनके लिए घर से बाहर निकलना केवल एक भौतिक यात्रा नहीं होता, बल्कि अनेक मानसिक और सामाजिक बाधाओं को पार करने की प्रक्रिया भी होता है। इसीलिए महिलाओं की आवाजाही से जुड़ी योजनाओं, सुविधाओं और नीतियों का महत्व केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी होता है। जब सरकारें महिलाओं के लिए मुफ्त या रियायती बस यात्रा जैसी योजनाएँ लागू करती हैं, तो उसका महत्व केवल किराए की बचत तक सीमित नहीं रहता। यह उन महिलाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलता है जिनके लिए प्रतिदिन का छोटा-सा खर्च भी निर्णयों को प्रभावित करता है। कई परिवारों में आज भी महिलाओं की शिक्षा, नौकरी या अन्य गतिविधियों पर होने वाला खर्च एक अतिरिक्त बोझ माना जाता है। ऐसे में परिवहन का खर्च कम होना उन्हें अधिक स्वतंत्रता प्रदान कर सकता है। यह समझना आवश्यक है कि घर से बाहर निकलने वाली हर महिला केवल नौकरी पर नहीं जा रही होती। वह अपने जीवन के किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य की ओर बढ़ रही हो सकती है। कोई महिला अपनी बीमार माँ की देखभाल के लिए दूसरे मोहल्ले या शहर जा रही हो सकती है। कोई विवाह के बाद छूट गई पढ़ाई को फिर से शुरू करने का साहस जुटा रही हो सकती है। कोई बेहतर रोजगार की तलाश में प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर रही हो सकती है। कोई अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अतिरिक्त काम कर रही हो सकती है। और यह भी संभव है कि वह केवल कुछ क्षणों की मानसिक शांति के लिए घर से बाहर निकली हो, क्योंकि घर के भीतर उसका अवैतनिक श्रम कभी समाप्त नहीं होता। भारतीय समाज में महिलाओं का घरेलू श्रम आज भी बड़े पैमाने पर अदृश्य बना हुआ है। भोजन बनाना, बच्चों की देखभाल करना, बुजुर्गों की सेवा करना, घर की साफ-सफाई और अनगिनत छोटे-बड़े काम—ये सब ऐसे कार्य हैं जिनके बिना परिवार का जीवन संभव नहीं है, लेकिन इनका आर्थिक मूल्य नहीं आँका जाता। ऐसे में जब कोई महिला घर से बाहर निकलती है तो वह केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं बल्कि अनेक जिम्मेदारियों के बोझ के साथ निकलती है। उसके पास समय कम होता है, संसाधन सीमित होते हैं और सामाजिक अपेक्षाएँ अधिक होती हैं। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की उपस्थिति को लेकर हमारी सामाजिक सोच में भी अनेक विरोधाभास दिखाई देते हैं। एक ओर हम महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, दूसरी ओर उनकी स्वतंत्र आवाजाही को लेकर संदेह और नियंत्रण की प्रवृत्ति भी बनाए रखते हैं। परिवार अक्सर बेटियों को पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन देर शाम घर लौटने को लेकर चिंतित रहते हैं। वे चाहते हैं कि महिलाएँ आगे बढ़ें, लेकिन उनके रास्ते में अनेक सामाजिक सीमाएँ भी खड़ी कर देते हैं। महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन केवल यात्रा का साधन नहीं है, बल्कि सामाजिक भागीदारी का माध्यम भी है। यदि परिवहन सुलभ, सुरक्षित और किफायती हो तो महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। दुनिया भर के अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि महिलाओं की गतिशीलता बढ़ने से उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। इसलिए महिलाओं की आवाजाही को केवल परिवहन नीति के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक विकास की नीति के रूप में देखा जाना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में महिलाओं की बड़ी संख्या आज भी इसलिए अवसरों से वंचित रह जाती है क्योंकि उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध नहीं होता। अनेक छात्राएँ दूर के कॉलेजों में प्रवेश नहीं लेतीं क्योंकि यात्रा कठिन या असुरक्षित होती है। कई महिलाएँ बेहतर नौकरी के अवसर छोड़ देती हैं क्योंकि देर शाम लौटना उनके लिए जोखिमपूर्ण माना जाता है। इस प्रकार असुरक्षित सार्वजनिक स्थान केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता को ही सीमित नहीं करते, बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को भी प्रभावित करते हैं। हालाँकि केवल सुरक्षा की चर्चा पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक स्थानों पर सम्मानजनक व्यवहार भी उतना ही आवश्यक है। महिलाओं को अक्सर घूरती निगाहों, अनावश्यक टिप्पणियों और असहज वातावरण का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है और कई बार उन्हें सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के लिए मजबूर करता है। किसी भी सभ्य समाज की पहचान केवल अपराध दर से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वहाँ लोग एक-दूसरे के प्रति कितना सम्मानपूर्ण व्यवहार करते हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि सार्वजनिक अनुशासन का प्रश्न केवल पुरुषों तक सीमित नहीं है। फुटपाथों पर अवैध पार्किंग, यातायात नियमों की अवहेलना, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना और सामुदायिक संसाधनों का दुरुपयोग जैसी समस्याओं में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी दिखाई देती है। इसलिए समाधान भी सामूहिक होना चाहिए। महिलाओं और पुरुषों दोनों को समान रूप से नागरिक जिम्मेदारियों का पालन करना होगा। सार्वजनिक जीवन तभी बेहतर बन सकता है जब अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी महत्व दिया जाए। शहरों की संरचना और विकास योजनाओं में भी महिलाओं की आवश्यकताओं को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया है। अधिकांश शहर पुरुष-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ विकसित हुए हैं। सड़कें, परिवहन प्रणाली, सार्वजनिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाएँ अक्सर महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गईं। परिणामस्वरूप महिलाएँ अनेक असुविधाओं का सामना करती हैं। यदि वास्तव में समावेशी शहर बनाने हैं तो शहरी नियोजन में महिलाओं के अनुभवों और आवश्यकताओं को केंद्र में रखना होगा। महिलाओं की स्वतंत्र आवाजाही केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और समानता का प्रश्न है। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को बिना भय और भेदभाव के सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करने का अधिकार होना चाहिए। यदि आधी आबादी को अपने अधिकारों के उपयोग के लिए अतिरिक्त संघर्ष करना पड़े तो यह समाज की सामूहिक विफलता है। आज आवश्यकता केवल नीतियों और योजनाओं की नहीं, बल्कि मानसिकता में बदलाव की भी है। हमें अपनी बेटियों को यह विश्वास देना होगा कि सार्वजनिक स्थान भी उतने ही उनके हैं जितने किसी और के। हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि महिलाओं की स्वतंत्रता कोई विशेष सुविधा नहीं बल्कि उनका मौलिक अधिकार है। हमें यह समझना होगा कि किसी महिला का अकेले यात्रा करना, देर शाम घर लौटना या अपने लिए समय निकालना असामान्य नहीं है। बस स्टॉप पर खड़ी स्त्री दरअसल बदलते भारत की तस्वीर है। वह अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेना चाहती है। वह शिक्षा, रोजगार और अवसरों तक समान पहुँच चाहती है। वह अपने सपनों को सीमाओं के भीतर नहीं, बल्कि खुले आकाश में उड़ान देना चाहती है। उसका संघर्ष केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का संघर्ष है।

## हज के बाद जंग!

**अमरीकी** राष्ट्रपति ट्रंप 'अच्छी खबर' तो दे नहीं सके और न ही ईरान के साथ समझौता कर पाए, लेकिन उनके लड़ाकू विमानों ने ईरान के नौसेना बेस पर तीन हमले जरूर कर दिए। इस तरह ट्रंप ने युद्धविराम तुड़वा दिया। अमरीकी सेना ने ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हमले कर ईरानी स्पीड नौकाओं को समंदर में डुबो दिया। मिसाइल लॉन्च साइट्स पर भी हवाई हमले कर उन्हें नष्ट कर दिया गया। अमरीकी सेना की दलील है कि ईरानी नौकाएं समंदर में बारूदी सुरंगें बिछा रही थीं, लिहाजा आत्मरक्षा में अमरीका को हमले करने पड़े। इन हमलों और धमाकों में ईरानी आईआरजीसी के 4 जवान हताहत हुए और कुछ घायल भी हुए हैं। ईरान ने इसे युद्धविराम का 'साक्षात उल्लंघन' करार दिया है और अमरीका को 'महान शैतान' माना है। ईरान बेहद गुस्से में है। चूंकि यह 'पवित्र हज' का दौर है, दुनिया भर से 15 लाख से अधिक जायरीन हज यात्रा के लिए मक्का पहुंच चुके हैं। भारत के जायरीनों (तीर्थयात्रियों) का अधिकृत कोटा भी 1.75 लाख से ज्यादा का है, लिहाजा ईरान किसी संभावित युद्ध के दोबारा आगाज के मद्देनजर खामोश है, लेकिन उसने हमलों की पुष्टि की है। युद्धविराम के दौरान अमरीका ने ऐसे हमले किए हैं, लिहाजा युद्धविराम टूट चुका है। सवाल है कि क्या हज के बाद युद्ध नए सिरे से छिड़ेगा? यह बेहद गंभीर, संवेदनशील, मानवीय सवाल है, क्योंकि पूरा विश्व इससे प्रभावित हुआ है। हाहाकार मचा है। ऊर्जा के अलावा खाद्य संकट, उर्वरक संकट, माल के आयात-निर्यात का संकट और अंततः भुखमरी का संकट इस युद्ध के नतीजतन ही है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और विश्व बैंक 'महामंदी' की चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन अमरीका और ईरान वैश्विक तबाही को आमादा हैं। अमरीका ने आदतन फिर दोगला प्रहार किया है। एक ओर कतर की राजधानी दोहा में कथित मध्यस्थ देश शांति-समझौते की रूपरेखा पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर अमरीकी सेना ने ईरानी पक्ष पर हमले किए हैं? यह किस किस्म की कूटनीति या शांति-संवाद हैं? राष्ट्रपति ट्रंप दावा करते रहे हैं कि ईरान के साथ अमरीका की 95 फीसदी सहमति बन चुकी है। शेष 5 फीसदी पर बातचीत जारी है, लेकिन साथ में यह धमकी भी देते रहे हैं कि यदि ईरान ने करार नहीं किया, तो पहले से भी भयंकर हमले किए जाएंगे। ईरान ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावों, सहमतियों और सवंर्धित यूरेनियम संबंधी बयानों को सिरे से खंडित किया है। अब हमलों के बाद और बकरीद के मौके पर ईरान के सुप्रीम लीडर मुज़्तबा खामेनेई का संदेश टीवी पर पढ़ा गया है, जिसमें उन्होंने ट्रंप को चेतावनी दी है कि अब खाड़ी देश अमरीकी सैन्य ठिकानों की 'ढाल' नहीं बनेंगे। अब खाड़ी का यह इलाका अमरीका के लिए 'सुरक्षित पनाहगाह' नहीं रहा है। खामेनेई ने मुस्लिम देशों को एकजुट होने और नई विश्व-व्यवस्था बनाने की अपील भी की है। हमलों के बाद ईरान ने पलटवार कर अमरीका के एम.क्यू.-9 ड्रोन (कीमत करीब 250 करोड़ रुपए) और आर.क्यू.-4 हॉक ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। अमरीका के बेशकीमती एफ-35 फाइटर जेट पर भी मिसाइल से हमला किया गया है। इससे ईरान और सुप्रीम लीडर के मजबूत और आक्रामक मंसूबों को पढ़ा जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के आकलन हैं कि हज के बाद, यानी आगामी 72 घंटों में, ईरान युद्ध नए सिरे से शुरू हो सकता है। यह भी आकलन है कि 3-4 महीने युद्धविराम का नाटक करने के बाद अमरीका सितंबर-नवंबर के दरमियान फिर हमला कर सकता है। तब तक राष्ट्रपति ट्रंप पर घरेलू दबाव, मध्यावधि चुनावों का तनाव और अमरीका की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर जन-विरोध उतना नहीं रहेगा, जितना अब है। दोनों देशों के बीच समझौते के आसार बहुत कम हैं, क्योंकि यूरेनियम, ईरान की जब्त संपत्तियों, पाबंदियों, हमले की क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलमार्ग आदि अहम मुद्दे यथावत अनसुलझे रहे हैं। उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नया खेल शुरू कर दिया है कि सभी खाड़ी देश और वार्ता में जुटे मुस्लिम देश 'अब्राहम समझौते' पर दस्तखत करें और इजरायल को मान्यता दें।

## आधुनिक भारत में बदलते रिश्तों की कड़वी हकीकत



कृति आरके जैन

यह स्थिति दिखाती है कि प्रभाव और संसाधनों की ताकत किस तरह सच्चाई को धुंधला कर सकती है, यदि व्यवस्था सतर्क न रहे। घरेलू हिंसा की जड़ें केवल व्यक्तियों में नहीं, बल्कि उस सामाजिक ढांचे में हैं जो पितृसत्ता को परंपरा और संस्कृति का नाम देकर स्वीकार लेता है।

**जब** किसी युवती के जीवन में सपनों की रोशनी और आत्मनिर्भरता का विश्वास मौजूद हो, और वही जीवन शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुराल की दीवारों के भीतर थम जाए, तो यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज की चेतना पर सवाल बन जाता है। नोएडा की त्विषा शर्मा की संदिग्ध मृत्यु ने उस चुप्पी को तोड़ दिया, जिसे हम लंबे समय से 'पारिवारिक मामला' कहकर नजरअंदाज करते आए हैं। 'मैं फँस गई हूँ' जैसे अंतिम संदेश किसी साधारण स्थिति नहीं, बल्कि भीतर घुटते जीवन की दर्दभरी पुकार हैं, जिन्हें समय रहते सुनने में समाज असफल रहा। यह घटना याद दिलाती है कि हिंसा हमेशा खुले रूप में नहीं होती, बल्कि कई बार वह बंद दरवाजों के भीतर सबसे खतरनाक और अदृश्य रूप में मौजूद रहती है। त्विषा की घटना केवल एक व्यक्तिगत दुख नहीं, बल्कि उस सामाजिक सोच का प्रतिबिंब है जो विवाह को बराबरी का रिश्ता नहीं, बल्कि नियंत्रण और अपेक्षाओं का ढांचा मानती है। शादी के बाद महिला से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने सपनों को पीछे छोड़ दे, अपने फैसलों को सीमित कर दे और अपने अस्तित्व को परिवार की इच्छाओं में ढाल ले। दहेज की मांग, ताने और 'समायोजन' के नाम पर सहनशीलता की परीक्षा—ये सब मिलकर एक अदृश्य बंधन बनाते हैं जहाँ हिंसा को सामान्य माना जाता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि समय के साथ यह सब इतना सामान्य हो जाता है कि पीड़िता अपने दर्द को पहचानने और व्यक्त करने की शक्ति खोने लगती है। इस मामले को केवल आरोपों तक सीमित रखना इसकी गंभीरता को पूरी तरह समझने में चूक होगी, क्योंकि इसके इर्द-गिर्द खड़े सवाल इसे और जटिल बना देते हैं। पति और सास पर लगे आरोप, अंतिम दिनों की संदिग्ध परिस्थितियाँ, सीसीटीवी फुटेज में समय का अंतर और परिवार की चुप्पी—ये सब किसी सामान्य घटना की ओर संकेत नहीं करते। जब जांच की शुरुआत ही विरोधाभासों से भरी हो, तो न्याय तक पहुँचना और कठिन हो जाता है। यह स्थिति दिखाती है कि प्रभाव और संसाधनों की ताकत किस तरह सच्चाई को धुंधला कर सकती है, यदि व्यवस्था सतर्क न रहे। घरेलू हिंसा की जड़ें केवल व्यक्तियों में नहीं, बल्कि उस सामाजिक ढांचे में हैं जो पितृसत्ता को परंपरा और संस्कृति का नाम देकर स्वीकार कर लेता है। लंबे समय से यह धारणा है कि घर का नियंत्रण पुरुष के हाथ में होना चाहिए और स्त्री का कर्तव्य केवल सहना है। यही सोच हिंसा को रोकने के बजाय उसे सामान्य बना देती है। जब लड़की को बचपन से यह सिखाया जाता है कि 'रिश्ते निभाना' सबसे बड़ा धर्म है, तो वह कई बार अपने खिलाफ हो रही हिंसा को भी रिश्ते की कीमत समझकर स्वीकार कर लेती है। यही स्वीकार्यता सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि यह अपराध को अदृश्य बना देती है। मजबूत कानूनी प्रावधानों के बावजूद वास्तविकता यह है कि न्याय की गति अक्सर पीड़िताओं के दर्द और उम्मीदों से पीछे रह जाती है। घरेलू हिंसा और दहेज निषेध जैसे कानून कागजों पर सख्त हैं, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की कमी दिखाई देती है। थानों में आज भी 'यह घर का मामला है' जैसी सोच मौजूद है। अदालतों की लंबी और थकाऊ प्रक्रिया, साथ ही सामाजिक दबाव, पीड़ित परिवारों को मानसिक रूप से कमजोर कर देते हैं। देर से मिला न्याय सुरक्षा नहीं, केवल औपचारिक निर्णय बनकर रह जाता है, और इसी कारण कई मामले न्याय तक पहुँच ही नहीं पाते। समाज की सबसे गहरी विडंबना उसकी उस प्रतिक्रिया में छिपी है, जो पीड़ा को समझने के बजाय पीड़िता के व्यवहार का मूल्यांकन करने लगती है। यहाँ प्रश्न यह नहीं होता कि उसने कितना सहा, बल्कि यह पूछा जाता है कि उसने विरोध क्यों नहीं किया। यही सोच पीड़िता को बार-बार चोट पहुँचाती है। त्विषा जैसे मामलों में चर्चा अक्सर उसकी जीवनशैली या रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमने लगती है, जबकि मूल सवाल यह होना चाहिए कि उसे सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण क्यों नहीं मिला। जब तक हम पीड़िता को संदेह की नजर से देखना बंद नहीं करेंगे, तब तक न्याय केवल एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर ही रह जाएगा। आज जरूरत केवल कानूनों की नहीं, बल्कि व्यवस्था और सामाजिक सोच के गहरे एवं निर्णायक पुनर्गठन की है। हर थाने में प्रशिक्षित महिला सहायता इकाइयों की स्थापना, त्वरित फोरेंसिक जांच, डिजिटल साक्ष्य संरक्षण और समयबद्ध न्याय प्रक्रिया को अनिवार्य करना अब आवश्यकता है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में संबंधों की समझ, सहमति, सम्मान और मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा का हिस्सा बनाना जरूरी है। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि घरेलू हिंसा कोई निजी विवाद नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक अपराध है। जब तक इसे सामाजिक शर्म के बजाय कानूनी अपराध के रूप में नहीं देखा जाएगा, तब तक बदलाव अधूरा ही रहेगा।

## इटली में अमर सम्मान, भारत में प्रतीक्षा : विक्टोरिया क्रॉस विजेता वीर कमल राम गुर्जर की अधूरी राष्ट्रीय पहचान

**दुनिया** के इतिहास में कुछ वीर ऐसे होते हैं जिनकी बहादुरी केवल युद्ध जीतने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, राष्ट्रभक्ति और त्याग का जीवंत प्रतीक बन जाते हैं। भारत के महान योद्धा विक्टोरिया क्रॉस विजेता वीर कमल राम गुर्जर उन्हीं अमर सैनिकों में से एक हैं। वे न केवल राजस्थान के एकमात्र विक्टोरिया क्रॉस विजेता हैं, बल्कि विश्व के सबसे युवा विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त करने वाले वीर सैनिकों में भी गिने जाते हैं। विडम्बना यह है कि जिनकी वीरता को विदेशी धरती आज भी सम्मानपूर्वक स्मरण कर रही है, उनके नाम और योगदान को भारत में वह व्यापक राष्ट्रीय पहचान अब भी पूरी तरह नहीं मिल सकी जिसकी वे स्वाभाविक रूप से अपेक्षा रखते हैं। मई 2026 में इटली की धरती पर उनकी प्रतिमा और स्मृति को दिया गया सम्मान इस प्रश्न को फिर जीवित कर गया है कि क्या भारत अपने युद्धनायकों को स्मृति और सम्मान देने में पर्याप्त गंभीर है? राजस्थान की वीर भूमि से निकलकर विश्व युद्ध के रक्तरंजित मोर्चों तक पहुँचने वाले कमल राम का जीवन असाधारण साहस की कहानी है। करौली जिले के भोलीपुरा ग्राम में जन्मे कमल राम ने किशोर अवस्था में सेना का मार्ग चुना और ब्रिटिश भारतीय सेना की उस पीढ़ी का हिस्सा बने जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के कठिनतम मोर्चों पर लड़ते हुए भारतीय सैनिक की अदम्य क्षमता को दुनिया के सामने स्थापित किया। उस समय भारत स्वतंत्र नहीं था, लेकिन भारतीय सैनिकों का साहस और सैन्य कौशल किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की सेना से कम नहीं था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली का मोर्चा मित्र राष्ट्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था। जर्मन सेना ने 'गुस्ताव लाइन' नामक शक्तिशाली रक्षा प्रणाली बनाकर मित्र सेनाओं की प्रगति रोक रखी थी। Monte Cassino और Gari River का क्षेत्र युद्ध का सबसे भयावह रणक्षेत्र बन चुका था। पर्वतीय इलाके, भारी मशीनगनें, बारूदी सुरंगें और लगातार गोलाबारी—इन सबके बीच आगे बढ़ना लगभग असंभव माना जा रहा था। इसी कठिन मोर्चे पर भारतीय सैनिकों ने अद्वितीय शौर्य का परिचय दिया और उनमें सबसे उज्ज्वल नाम था—कमल राम। 12 मई 1944 का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। उस समय युवा सिपाही कमल राम की आयु लगभग उन्नीस वर्ष थी। उनकी यूनिट पर जर्मन मशीनगन पोस्ट लगातार विनाशकारी फायर कर रही थी और आगे बढ़ना लगभग रुक चुका था। स्थिति ऐसी थी जिसमें सामान्य सैनिक आवरण लेकर प्रतीक्षा करता, लेकिन कमल राम ने असाधारण निर्णय लिया। उन्होंने अकेले दुश्मन की ओर बढ़ते हुए मशीनगन ठिकानों पर साहसिक हमला किया। गोलियों और विस्फोटों के बीच उन्होंने जर्मन पोस्टों को निष्क्रिय किया, सैनिकों को बंदी बनाया और अपनी टुकड़ी के लिए आगे बढ़ने का रास्ता खोल दिया। यह केवल व्यक्तिगत वीरता नहीं थी; यह युद्ध की दिशा प्रभावित करने वाला साहस था। उनकी बहादुरी से प्रभावित होकर ब्रिटिश सैन्य नेतृत्व ने उन्हें विक्टोरिया क्रॉस के लिए अनुशंसित किया। 26 जुलाई 1944 को इटली के Siena Airfield में एक ऐतिहासिक क्षण आया, जब तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट King George VI स्वयं उपस्थित हुए और युद्धभूमि के निकट कमल राम की छाती पर विक्टोरिया क्रॉस सजाया। यह सम्मान केवल एक सैनिक को दिया गया पदक नहीं था; यह उस भारतीय शौर्य की वैश्विक मान्यता थी जिसने विश्व युद्ध के इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कमल राम भारत के सबसे युवा विक्टोरिया क्रॉस विजेताओं में गिने जाते हैं। किंतु समय के साथ यह प्रश्न और गहरा हुआ कि जिस वीरता को विश्व सैन्य इतिहास आदर से याद करता है, क्या भारत की सामूहिक स्मृति ने भी उसे उसी स्तर पर स्थान दिया है? 26 मई 2026 को इटली के Cassino-Monte Cassino क्षेत्र में वीर कमल राम VC की स्मृति में स्मारक एवं प्रतिमा का सम्मानपूर्वक अनावरण किया गया। समारोह में भारत की राजदूत वाणी राव, Cassino के मेयर श्धड्ड5श Salera तथा अनेक स्थानीय और भारतीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल एक औपचारिक समारोह नहीं था; यह उस ऐतिहासिक स्मृति का पुनर्जीवन था जिसमें भारतीय सैनिकों ने यूरोप की धरती पर स्वतंत्रता और मानवता की रक्षा के लिए अपना रक्त बहाया था। इटली आज भी उन भारतीय सैनिकों को नहीं भूला है जिन्होंने उसके कठिन समय में अपनी जान की बाजी लगाई। Monte Cassino क्षेत्र में भारतीय सैनिकों की स्मृतियाँ, कब्रें और स्मारक यह प्रमाणित करते हैं कि इतिहास केवल युद्धों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि कृतज्ञता की संस्कृति भी होता है। विदेशी धरती पर भारतीय वीरों के प्रति यह सम्मान प्रेरक है, लेकिन साथ ही भारत के लिए आत्ममंथन का विषय भी है। यहाँ एक व्यापक राष्ट्रीय प्रश्न भी उभरता है, जिस पर गंभीर विमर्श अपेक्षित है। स्वतंत्रता से पहले अद्वितीय शौर्य दिखाकर विक्टोरिया क्रॉस, Indian Order of Merit तथा अन्य वीरता पदक प्राप्त करने वाले अनेक सैनिक भारतीय सैन्य इतिहास के गौरवशाली अध्याय हैं। स्वतंत्र भारत ने अपने सैन्य अलंकरण स्थापित किए, जो स्वाभाविक और आवश्यक कदम था। किन्तु इसके साथ यह प्रश्न समय-समय पर उठता रहा है कि क्या 1947 से पूर्व के उन वीर सैनिकों की स्मृति और सार्वजनिक पहचान को पर्याप्त संस्थागत स्थान मिला है, जिन्होंने भारतीय सैनिक की वीरता को विश्व मंच पर स्थापित किया? यह किसी नीति पर आरोप का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्मृति और ऐतिहासिक निरंतरता से जुड़ा प्रश्न है। वीरता का मूल्य समय या शासन से कम नहीं होता; वह राष्ट्र की स्थायी विरासत होती है। यह कहना उचित नहीं होगा कि भारत ने कमल राम को पूरी तरह भुला दिया। सैन्य अभिलेखों और सीमित सरकारी स्मरण में उनका नाम मौजूद है, लेकिन जिस व्यापक राष्ट्रीय पहचान, सार्वजनिक स्मारकों और शैक्षिक विमर्श में उन्हें स्थान मिलना चाहिए था, वह अब भी सीमित दिखाई देता है। अधिकांश युवा उनके नाम से परिचित नहीं हैं। यह केवल एक सैनिक की उपेक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्मृति की चुनौती है। इसी पृष्ठभूमि में वीर कमल राम VC के सम्मान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की मांग समय-समय पर सामाजिक और संगठित प्रयासों के रूप में भी सामने आती रही है। International Gurjar Mahasabha तथा उससे जुड़े अनेक प्रतिनिधियों ने लगातार यह प्रश्न उठाया है कि जिस वीर योद्धा को इटली और विश्व सैन्य इतिहास सम्मानपूर्वक याद करता है, उसे भारत में भी अधिक संस्थागत और स्थायी पहचान मिलनी चाहिए। इस संदर्भ में International Gurjar Mahasabha के राष्ट्रीय नेतृत्व से जुड़े Colonel Dev Anand Lohamaror (Gurjar) द्वारा विभिन्न अवसरों पर सरकार और प्रशासन के समक्ष यह मांग उठाई जाती रही है कि करौली जिले के उनके पैतृक क्षेत्र में वीर कमल राम के नाम पर एक शैक्षणिक संस्थान अथवा कॉलेज स्थापित किया जाए। इसके साथ-साथ जयपुर में उनकी प्रतिमा स्थापना, राज्य स्तर पर स्थायी स्मारक तथा उनकी शौर्यगाथा को सार्वजनिक और शैक्षिक विमर्श का हिस्सा बनाने की आवाज भी समय-समय पर उठती रही है। इन प्रयासों का मूल उद्देश्य किसी क्षेत्रीय पहचान को स्थापित करना नहीं, बल्कि भारत के विक्टोरिया क्रॉस विजेता वीर सैनिक को वह राष्ट्रीय स्थान दिलाना है जिसके वे वास्तविक अधिकारी हैं। यह अभियान स्मृति, सम्मान और राष्ट्र के सैन्य इतिहास को जीवित रखने का प्रयास है। राष्ट्र केवल वर्तमान उपलब्धियों से नहीं बनते; वे अपने वीरों की स्मृतियों पर भी खड़े होते हैं। यदि इटली सात दशक बाद भी भारतीय सैनिकों को सम्मानित कर सकता है, तो भारत में भी ऐसे वीरों के नाम पर संस्थान, संग्रहालय, स्मारक और शैक्षिक पहल विकसित होनी चाहिए। एक पूर्व सैनिक होने के नाते मेरा विनम्र आग्रह है कि माननीय प्रधानमंत्री, राजस्थान सरकार तथा माननीय मुख्यमंत्री इस विषय पर संवेदनशील पहल करें। राजस्थान के इस महान वीर, विक्टोरिया क्रॉस विजेता कमल राम गुर्जर की स्मृति को स्थायी राष्ट्रीय सम्मान देने हेतु उनके नाम पर करौली जिले में किसी विद्यालय, महाविद्यालय अथवा शैक्षणिक संस्थान का नामकरण, उनके पैतृक क्षेत्र में स्मारक विकास तथा जयपुर सहित उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों पर उनकी प्रतिमा स्थापना जैसे कदमों पर विचार किया जाना चाहिए। यह केवल एक वीर सैनिक का सम्मान नहीं होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की जीवित प्रेरणा स्थापित करने का कार्य होगा। कमल राम की कहानी किसी एक समाज या क्षेत्र की नहीं, बल्कि पूरे भारत की कहानी है। उनकी वीरता भारतीय सैनिक के सार्वभौमिक साहस का प्रतीक है। उन्होंने उस समय लड़ाई लड़ी जब भारत स्वतंत्र नहीं था, फिर भी उनका साहस स्वतंत्र भारत की सैन्य परंपरा का आधार बना। आज जब इटली की धरती पर उनकी प्रतिमा का सम्मानपूर्वक अनावरण हुआ है, तो यह केवल एक विदेशी समारोह नहीं, बल्कि भारत के लिए एक दर्पण है। यह हमें याद दिलाता है कि वीर कभी मरते नहीं; वे इतिहास बनकर पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। वीर कमल राम गुर्जर की शौर्यगाथा हमें यही संदेश देती है कि राष्ट्र अपने सैनिकों के पराक्रम से सुरक्षित और उनकी स्मृतियों से महान बनते हैं। इटली ने अपना कर्तव्य निभाया है। अब भारत की स्मृति, समाज और नीति-निर्माताओं के सामने भी एक ऐतिहासिक दायित्व खड़ा है—अपने उन अमर वीरों को वह स्थान देने का, जिसके वे सच्चे अधिकारी हैं।

- कर्नल देव आनंद लोहामरोड

## संक्षिप्त-समाचार

### पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से कनेक्शन के शक में अजमेर निवासी परमेश मीणा गिरफ्तार

● राजस्थान दर्शन



**जितेन्द्र सिंह रावत /अजमेर।** अजमेर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वरुण सागर रोड स्थित अंबिका नगर से भीलवाड़ा निवासी परमेश मीणा को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार परमेश मीणा किराए के मकान में रह रहा था और उसके तार पाकिस्तानी आतंकवादी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े होने की सूचना एजेंसी को मिली थी। सूचना के बाद एनआईए की टीम अजमेर पहुंची और देर रात तक संदिग्ध से पूछताछ की। इसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि परमेश मीणा को ऑनलाइन गेम खेलने का शौक था। जांच एजेंसियों को आशंका है कि शहजाद भट्टी ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से युवाओं को पैसों का लालच देकर अपने नेटवर्क में शामिल कर रहा था। इसी इनपुट के आधार पर राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने कार्रवाई को अंजाम दिया। सूत्रों के मुताबिक एनआईए अब आरोपी के मोबाइल, सोशल मीडिया अकाउंट और ऑनलाइन गतिविधियों की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसके संपर्क में और कौन-कौन लोग थे। वहीं स्थानीय स्तर पर इस बात की भी जांच शुरू कर दी गई है कि किराए पर मकान देने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया था या नहीं।

### यात्रियों की सुविधा हेतु तीन जोड़ी रेल सेवाओं में बढाये विभिन्न श्रेणी के ड़िब्बें

● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु तीन जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के ड़िब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसारः 1. गाडी संख्या 22464/22463, बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 02.06.26 से 30.06.26 तक एवं दिल्ली सराय से दिनांक 05.06.26 से 03.07.26 तक 01 थर्ड एसी, 01 द्वितीय शयनयान व 01 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 2. गाडी संख्या 14714/14713, दिल्ली सराय -सीकर - दिल्ली सराय रेलसेवा में दिनांक 03.06.26 से 03.07.26 तक 01 थर्ड एसी, 01 द्वितीय शयनयान व 01 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 3. गाडी संख्या 12463/12464, दिल्ली सराय-जोधपुर- दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से दिनांक 03.06.26 से 01.07.26 तक एवं जोधपुर से दिनांक 04.06.26 से 02.07.26 तक 01 थर्ड एसी, 01 द्वितीय शयनयान व 01 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

### उत्तर पश्चिम रेलवे ने तकनीकी सुधारों से संरक्षा को और अधिक मजबूत किया

**'संरक्षा सुदृढ़ करने का कर्तव्य' विषय पर विशेष संरक्षा अभियानों का आयोजन**



● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार संरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर आधुनिक तकनीकों के उपयोग से ट्रैक, सिग्नल एवं समपार फाटकों पर व्यापक स्तर पर संरक्षा कार्य किए जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अप्रैल माह में लगभग 19 ट्रैक किलोमीटर का सीटीआर कार्य, 30 टर्न-आउटों का नवीकरण तथा 18 थिक वेब स्विच लगाए गए। साथ ही 18 टर्न-आउटों की डीप स्क्रीनिंग कर रेल पटरियों की मजबूती और संचालन की विश्वसनीयता को और सुदृढ़ किया गया। रेलवे द्वारा समपार फाटकों पर संरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समपार फाटको को इंटरलॉक किया तथा फाटको पर स्लाइडिंग बूम स्थापित किये गये। इसके साथ ही 'संरक्षा सुदृढ़ करने का कर्तव्य' विषय पर विशेष संरक्षा अभियान चलाकर संरक्षा को मजबूत किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे ने केवल रेल परिसरों तक ही नहीं, बल्कि आमजन तक भी सुरक्षा संदेश पहुंचाने का कार्य किया। ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, पेट्रोल पंपों, ढाबों तथा बस एवं टैक्सी स्टैंडों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए गए। समपार फाटको पर पेम्फलेट वितरित कर सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। संरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर, बीकानेर, जयपुर एवं जोधपुर मंडलों में संरक्षा निरीक्षण भी किए गए। सुरक्षा को व्यवहारिक बनाने की दिशा में कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अप्रैल माह में 541 कर्मचारियों ने पुनश्चर्या प्रशिक्षण तथा 356 कर्मचारियों ने अन्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी दक्षता को और मजबूत किया। उत्तर पश्चिम रेलवे आधुनिक तकनीक, सतत मॉनिटरिंग और जनसहभागिता के माध्यम से सुरक्षित, संरक्षित एवं विश्वसनीय रेलसेवा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### शाकंभरी कुटुंब परिवार के सदस्यों ने धार्मिक स्थलों पर लगाए परिंडे

● राजस्थान दर्शन



**उदयपुरवाटी।** कस्बे में शुक्रवार को शाकंभरी कुटुंब परिवार के सदस्यों द्वारा कई धार्मिक स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए द्य शाकंभरी कुटुंब परिवार के मूलचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पक्षियों के लिए लगाए गए परिंडो में रोज पानी डालने का संकल्प लिया गया एवं कहा कि परिंडो में रोज पक्षियों के लिए साफ सुथरा पानी ही डालें द्य इस दौरान शाकंभरी परिवार के मूलचंद सैनी, सुनील तंवर, महेंद्र चेजारा, सांवरमल सैनी, सज्जन चेजारा, मोहनलाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# 'मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोल रहा हूं... अपनी समस्या बताइए'



**राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन 181 पहुंचे मुख्यमंत्री, स्वयं हेल्पलाइन पर सुनी लोगों की परिवेदनाएं**

**- पेयजल, बिजली एवं भू-पट्टे संबंधी परिवेदनाओं के तुरंत समाधान के दिए निर्देश**

**- अच्छा काम करने वाले कार्मिकों को करें प्रोत्साहित, परिवेदनाओं की हो प्रभावी मॉनिटरिंग**

राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन पर आमजन से फोन पर सीधे बात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खैराबाद (कोटा) के परिवादी प्रिंस को फोन पर आत्मीयता के साथ कहा - 'मैं भजनलाल शर्मा बोल रहा हूं, आप अपनी समस्या बताइए।' यह सुनकर परिवादी चौंके और मुख्यमंत्री के समक्ष बिजली आपूर्ति के संबंध में अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने परिवादी को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह रामगढ़ पचवारा (दौसा) के पुनीराम ने फोन पर मुख्यमंत्री को भूखण्ड पट्टे से संबंधित अपनी समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने पुनीराम को आत्मीयता से कहा - 'मैं आपके गांव में भी आया हूं। आपकी समस्या के समाधान के लिए मैंने निर्देश दे दिये हैं।' इस पर परिवादी ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, अरांई (अजमेर) से हेमराज ने मुख्यमंत्री से अपने क्षेत्र में पानी की आपूर्ति संबंधी समस्या साझा की। इस पर मुख्यमंत्री ने परिवादी से विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क हेल्पलाइन जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है। इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को हेल्पलाइन विजिट करने के निर्देश दिए हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और आमजन को राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान हेल्पलाइन सेंटर की कार्यप्रणाली, शिकायत पंजीकरण, फॉलो-अप एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हेल्पलाइन के कार्मिकों से भी समय-समय पर फीडबैक लिया जाए एवं अच्छा काम करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय शिकायतों के निस्तारण में नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा प्रत्येक परिवादी को समयबद्ध एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## माधव विश्वविद्यालय में 'योग महोत्सव 2026' के 100 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

राजस्थान दर्शन



**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय में 'योग महोत्सव 2026' के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ 30 मई को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को योग से जोड़ना है। इस विशेष आयोजन में विधायक समाराम गरासिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार करेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह, होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई, शिवोहम योग शरणम् की संस्थापक अर्चना त्यागी एवं एम. डी. एन. आई. वाय. के ललित मदान भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन माधव विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली का सहयोग रहेगा। आयोजन के दौरान योगाभ्यास, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। योग विशेषज्ञों द्वारा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं तथा विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी में क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट की पुनर्स्थापन कार्य तेजी से प्रगति पर

**अगले कुछ हफ्तों में पेट्रोलियम उत्पादों की निकासी संभव**

राजस्थान दर्शन



**जयपुर।** राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास ने शुक्रवार को राज्य सरकार, HPCL Rajasthan Refinery Limited (एचआरआरएल) तथा Hindustan Petroleum Corporation Limited (एचपीसीएल) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पचपदरा रिफाइनरी में क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट-सीडीयू के पुनर्स्थापन कार्यों एवं रिफाइनरी परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मौजूद एचपीसीएल के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि सीडीयू के पुनर्स्थापन कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप तेजी से प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि 1 जून 2026 से कमीशनिंग गतिविधियां प्रारंभ कर दी जाएंगी तथा रिफाइनरी से विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों की निकासी आगामी कुछ सप्ताहों में प्रारंभ होने की संभावना है। समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि रिफाइनरी की अन्य प्रमुख इकाइयां डीजल हाइड्रोटीटिंग यूनिट (डीएचडीटी), प्रोपलीन फ्लूड कैटेलिटिक क्रैकिंग यूनिट (पीएफसीसीयू), डिलेड कोकिंग यूनिट (डीसीयू) एवं मोटर स्पिरिट ब्लॉक (एमएस ब्लॉक) भी कमीशनिंग के उन्नत चरण में पहुंच चुकी हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि रिफाइनरी में उत्पादन शुरू होने से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान की भूमिका और अधिक सशक्त होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राजस्थान दर्शन



**दांतारामगढ़ (सीकर)।** ब्लॉक दांतारामगढ़ में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को माहवारी के समय स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी पैड के सुरक्षित एवं सही उपयोग, संतुलित आहार तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही माहवारी से जुड़े भ्रम, संकोच एवं सामाजिक मिथकों को दूर करने तथा समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक पर्यवेक्षक ताराचंद जांदू ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए माहवारी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला एवं बालिका कल्याण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आत्मविश्वास समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## जयपुर नगर निगम की कार्रवाई, 14 केंटर सामान जब्त

**अस्थायी अतिक्रमण हटाकर 44.5 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला**

राजस्थान दर्शन




**जयपुर।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए 14 केंटर सामान जब्त किया। इस दौरान अस्थायी अतिक्रमण करने वालों से 44 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज भी वसूला गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई रामगंज बाजार, घाटगेट बाजार, चांदपोल बाजार, सिंधी कैंप बस स्टैंड, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन, लालकोठी सब्जी मंडी, प्रताप नगर कोचिंग हब, जेके लोन अस्पताल के सामने, करतारपुरा नाला और कालवाड़ रोड सहित कई स्थानों पर की गई। सतर्कता शाखा की टीम ने सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटवाए और जब्त सामान को निगम गोदाम भिजवाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं को भविष्य में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी गई। उपायुक्त सतर्कता ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। भविष्य में अतिक्रमण पाए जाने पर भारी जुर्माना और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## यूईम जयपुर में आए टॉप रिक्रूटर्स, स्टूडेंट्स को मिले शानदार प्लेसमेंट ऑफर्स

राजस्थान दर्शन

**चौमू।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईम) जयपुर में प्लेसमेंट का सीज़न ज़बरदस्त सफलता देख रहा है। 2026 में पास होने वाले बैच के लिए लगातार कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव चलाई जा रही हैं, साथ ही 2027 में ग्रेजुएट होने वाले प्री-फाइनल ईयर के छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट के मौके भी दिए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशंस और दूसरे प्रोफेशनल विषयों के छात्रों के लिए बेहतरीन करियर के मौके पक्का करने की अपनी कमिटमेंट को साबित किया है। यूईम जयपुर में चल रहे प्लेसमेंट ड्राइव में कई जानी-मानी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने हिस्सा लिया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़, इंफोसिस, विप्रो, कॉग्निजेंट, कैपजेमिनी, एक्सेंचर, टेक महिंद्रा, PwC, डेलॉइट, IBM, HCLTech, L&T टेक्नोलॉजी सर्विसेज़, ByjuÓs, He&aware टेक्नोलॉजीज़, Zscaler जैसी मशहूर कंपनियों के अलावा कई कोर इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स, फाइनेंस, कंसल्टिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनियों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में रिक्रूटमेंट ड्राइव चलाई हैं। यूईम जयपुर के छात्रों को इस सीज़न में प्लेसमेंट के बहुत ही आकर्षक ऑफर मिले हैं। सबसे ज़्यादा पैकेज एक शानदार लेवल तक पहुँचा है, जो छात्रों की इंडस्ट्री के लिए तैयारी और तकनीकी काबिलियत को दिखाता है। कई छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बिज़नेस एनालिटिक्स, VLSI, कोर इंजीनियरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में जानी-मानी कंपनियों से कई ऑफर भी मिले हैं। फाइनल प्लेसमेंट के अलावा, यूनिवर्सिटी ने 2027 बैच के प्री-फाइनल ईयर के छात्रों के लिए प्लेसमेंट की तैयारी और इंटर्नशिप से जुड़ी खास गतिविधियाँ भी शुरू की हैं। कड़ी प्री-प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के ज़रिए रोज़गार पाने लायक हुनर ??को बढ़ाने पर खास ज़ोर दिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी एप्टीट्यूड, क्वांटिटेटिव एनालिसिस, लॉजिकल रीजनिंग, वर्बल एबिलिटी, कोडिंग स्किल्स, ग्रुप डिस्कशन की तकनीकें और विषय से जुड़े खास विषयों में बड़े पैमाने पर ट्रेनिंग सेशन चला रही है। एक्सपर्ट ट्रेनर और इंडस्ट्री के प्रोफेशनल छात्रों को इंटरव्यू देने की तकनीकें, रिज्यूमे बनाना, बातचीत का हुनर ??और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में गाइड कर रहे हैं, ताकि कैंपस रिक्रूटमेंट के दौरान वे बेहतर परफ़ॉर्म कर सकें। लगातार मॉक इंटरव्यू, असेसमेंट टेस्ट और सॉफ्ट-स्किल्स को बेहतर बनाने के सेशन भी नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। कॉर्पोरेट रिक्रूटर श्यरूजयपुर के छात्रों की लगन, अनुशासन, हर हालात में ढल जाने की काबिलियत और प्रोफेशनल काम करने के तरीके की लगातार तारीफ़ करते रहे हैं। कंपनियों ने विश्वविद्यालय पर गहरा भरोसा दिखाया है, क्योंकि यहाँ के छात्रों के पास न




केवल ठोस सैद्धांतिक ज्ञान है, बल्कि उभरती हुई तकनीकों और उद्योग-उन्मुख कौशलों में व्यावहारिक विशेषज्ञता भी है। संस्थान के शैक्षणिक ढाँचे, नवाचार-संचालित शिक्षण वातावरण और उद्योग के साथ सहयोग ने छात्रों को वैश्विक पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति प्रो. डॉ. विश्वजॉय चटर्जी ने कहा, 'EM जयपुर ने हमेशा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और उद्योग के अनुभव को एकीकृत करके छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारे छात्रों की लगातार प्लेसमेंट सफलताएँ उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित दृष्टिकोण और संकाय सदस्यों तथा कॉर्पोरेट संबंध टीम द्वारा प्रदान की गई समर्पित मेंटरिंग का परिणाम हैं। हम उभरते हुए क्षेत्रों में अपने छात्रों के लिए और अधिक वैश्विक अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ' रजिस्ट्रार और प्रोवोस्ट प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा, 'विश्वविद्यालय लगातार हर पात्र छात्र को प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है। हमारा ध्यान उद्योग और शिक्षा जगत के बीच संवाद को मजबूत करने और छात्रों को उद्योग की नवीनतम मांगों के अनुसार तैयार करने पर बना रहता है। प्रतिष्ठित संगठनों से मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया श्यरूजयपुर के छात्रों की गुणवत्ता और क्षमता का प्रमाण है। ' कॉर्पोरेट संबंध विभाग के वरिष्ठ उप निदेशक श्री अनीश विश्वनाथ ने टिप्पणी की, 'कॉर्पोरेट संबंध विभाग सभी संकायों के छात्रों के लिए विविध करियर के अवसर लाने हेतु व्यापक रूप से कार्य कर रहा है। हम भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान श्यरू जयपुर के छात्रों द्वारा प्रदर्शित लगातार बेहतरीन प्रदर्शन और व्यावसायिकता के कारण प्रमुख नियोक्ताओं की बढ़ती भागीदारी देख रहे हैं। ' विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों के प्लेसमेंट समन्वयकों के समर्पित प्रयासों, निरंतर मेंटरिंग और भर्ती करने वाले संगठनों के साथ उनके समन्वय के लिए विशेष सराहना भी व्यक्त की है। विभिन्न संकायों के छात्रों के लिए उत्कृष्ट प्लेसमेंट परिणाम प्राप्त करने में उनके सक्रिय योगदान ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय को अपनी मज़बूत और समर्पित प्लेसमेंट टीम पर भी गर्व है, जिसमें श्री सचिन पांडे, श्री शंकर सिंह, श्री राजा सरकार, श्री अनुज सेठी और सुश्री साक्षी प्रिया सिंह शामिल हैं। यह टीम श्री अनीश विश्वनाथ के समन्वय और मार्गदर्शन में पूरी कुशलता से काम करती है। उनके लगातार प्रयासों, इंडस्ट्री नेटवर्किंग और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण ने सभी विभागों के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव और करियर के अवसरों को सफलतापूर्वक पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अपने मजबूत शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र, उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण और उल्लेखनीय प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ, श्यरू जयपुर छात्रों की सफलता और करियर की उत्कृष्टता के प्रति समर्पित अग्रणी पेशेवर संस्थानों में से एक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को लगातार मजबूत कर रहा है।

# पूजन के साथ किया वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुभारम्भ

● राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत पंचायतीराज विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय वंदे गंगा जल अभियान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत उमरनी के तलेटी अमृत सरोवर तालाब पर श्रमदान व तालाब पूजन किया गया। सरपंच बबिता देवी ग्रासिया, भाजपा गिरवर मण्डल अध्यक्ष गणेश बंजारा, विकाश अधिकारी पुखराज सरेल, अतिरिक्त विकाश अधिकारी अचल सिंह राजपुरोहित, ग्राम विकाश अधिकारी सोम सिंह की मोजूदगी मे पंडित द्वारा वेदो मंत्रोच्चार केसाथ पूजा अर्चना कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। सभी मोजूद अधिकारियो व जनप्रतिनिधीयो द्वारा तालाब सहित आसपास केक्षैत्रो मेपडी गंदगी व कचरे को झाड़ू लगाते हुए साफ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा गिरवर मण्डल अध्यक्ष गणेश बंजारा ने कहा की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वाहन पर चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को आमजन के अभियान बना कर प्रत्येक नागरिक द्वारा जल संरक्षण वर्तमान परिदृश्य में आवश्यक है। भाखर मण्डल अध्यक्ष दशरथ सिंह राव ने कहा की प्रत्येक विभाग आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहा है आमजन में जागृति से ही ये अभियान सफल होगा। महामंत्री पुखराज सीरवी ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत तालाब, कुओं, बावडियो को बारिश से पूर्व साफ सफाई कर संरक्षित करने पर आगामी वर्षा ऋतु में जल संरक्षित होगा। सरपंच बबिता देवी ग्रासिया ने बताया कि समस्त विश्व के लिए वर्तमान परिस्थितयो में जल संरक्षण अति आवश्यक है वर्तमान भजनलाल सरकार द्वारा आमजन को वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान द्वारा जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम मे विकाश अधिकारी पुखराज सरेल, अतिरिक्त विकाश अधिकारी अचल सिंह राजपुरोहित, ग्राम विकाश अधिकारी सोम सिंह, नगर सुधार न्यास अभियंता अभिषेक पुरोहित, उपसरपंच संगीता बंजारा, पंचायत सदस्य संजय परिहार, भाजपा नेता मनोज विष्वकर्मा, पशुपालन प्रकोष्ट के रावताराम देवासी, बी के लक्ष्मण भाई, दानवाव प्रधानाचार्य रजनी श्रीवास्तव, गोविन्द कुमार, सुनीता कुमारी, बेबी कुमारी, दीपक वासु, अतुल कुमार सहित ग्रामवासी व अधिकारी मौजूद रहे।



## नगर व ब्लॉक कांग्रेस ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

# नीट पेपर लीक, महंगाई, पेट्रोलियम पदार्थ मूल्यों में वृद्धि सहित नगरपालिका में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सौंपा ज्ञापन

● राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी आबूरोड के संयुक्त तत्वाधान में हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए उपखण्ड अधिकारी के माऱ्फत मुख्यमंत्री के नाम आमजन को हो रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक मोतीराम कोली पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गणेश बंजारा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरगिस कायमखानी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हम प्रदेश की भाजपा सरकार का ध्यान पेट्रोल डीजल गैस की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि एवं पेपर लीक होने से विधार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड की और ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में पेट्रोल डीजल गैस एवं बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो रही हैम पेट्रोल पंम्प पर ईधन भरवाने के लिये लम्बी कतारे लग रही है अन्य कई जगह पर बहुत ही कम मात्रा में उपलब्ध करवाया जा रहा है उससे आमजन व किसानों को खेती करने में कठिनाईयों का सामाना करना पड रहा है। समय रहते जनता की परेशानियों का समस्यो का समाधान नहीं करने पर जन आन्दोलन की चेतावनी दी।



### आबूरोड शहर की समस्या से करवाया अवगत

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गणेश बंजारा एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरगिस कायमखानी ने ज्ञापन में शहर की समस्याओ को लेकर अवगत कराया। ज्ञापन में बताया कि आबुरोड तहसील क्षेत्र में बिजली की बार बार कटोती व कम वाल्टेज के कारण आमजन परेशान, आबुरोड क्षेत्र में पानी की अनिमित सप्लाई व पानी की कमी, स्वास्थ केंद्रों पर दवाई जांच मशीनों व डाक्टर की कमी से क्षेत्र मे आमजन परेशान, बजरी व पत्थर की रॉयल्टी नही होने से आम गरीबजन मकान बनाने से व मजदुरी लोग निर्माण नही होने के कारण मजदुरी नही मिलने से मजदूरी व गरीब जन परेशान, नगर पालिका में फैली अनियमता व भष्ट्राचार, सफ ाई व्यवस्था, सडक़, बिजली एवं पानी की समस्याए जुआ नशाखोरी व चोरी की रोकथाम के लिए लम्बे समय से गांधीनगर चौकी की मांग, गांधीनगर में पट्टे, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, आबूरोड शहर में सोनोग्राफ ी केंद्र स्थापित करने सहित अन्य समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की। धरना प्रदर्शन में विधायक मोतीराम कोली, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा, पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, राजेश गहलोत, रमेश मीणा, शमशाद अब्बासी, ललिता गरासिया, हीरसिंह इंदा, कुलदीप गौतम, सुनील राज, पूजा राणा, गोविन्द अग्रवाल, योगेश वाधवानी, मोहम्मद असलम, धर्मेश जैन, दिनेश मेघवाल, रविंद्र सलूजा, प्रेमाराम, नोनाराम, अशोक जिंदल, ज्ञानप्रकाश, जेपी सिंह, चुन्नीलाल, शकील कुरैशी सहित सैकड़ो कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# अजमेर बोराडा हत्याकांड का खुलासा, पूर्व सरपंच समेत चार की हत्या में पत्नी-बेटी गिरफ्तार, एक किशोर निरुद्ध

● राजस्थान दर्शन



**जितेन्द्र सिंह रावत/अजमेर।** अजमेर जिले के बोराडा थाना क्षेत्र में पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी, उसकी दूसरी पत्नी, मां और रिश्तेदार युवती की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जबकि एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। आरोपियों ने पारिवारिक प्रताड़ना और घरेलू विवाद से परेशान होकर वारदात को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस अधीक्षक हर्ष वर्धन अग्रवाला के निर्देशन में गठित टीम ने इस हत्याकांड का पर्दाफाश किया। जानकारी के अनुसार 28 मई की सुबह श्रीरामपुरा के पास स्टेट हाईवे-7 पर एक जलती हुई स्कॉर्पियो कार मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने के बाद कार के अंदर तीन जले हुए शव बरामद किए। वहीं गंभीर हालत में घायल महिला सुरज्ञान को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसके गले और सिर पर धारदार हथियार के गहरे घाव मिले। पुलिस को प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लगा। इसके बाद रामसिंह चौधरी के घर की तलाशी ली गई, जहां खून के धब्बे और धोए गए फर्श मिले। एफएसएल और मोबाइल फॉरेंसिक टीम की जांच में मानव रक्त के साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने परिवार के सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ में पहली पत्नी सुनीता चौधरी, पुत्री सरिता सिंह उर्फ एकता और एक किशोर ने हत्या की साजिश स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि रामसिंह दूसरी शादी के बाद परिवार को लगातार प्रताड़ित करता था और घर से बाहर आने-जाने पर भी रोक लगाता था। इसी से परेशान होकर उन्होंने करीब पांच महीने पहले ऑनलाइन धारदार हथियार मंगवाया। 28 मई की सुबह चारों पर हमला कर हत्या की गई और बाद में शवों को स्कॉर्पियो में डालकर डीजल छिड़क आग लगा दी गई, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

# भाजपा एससी मोर्चाके जिलाध्यक्ष हसमुख मेघवाल का किया स्वागत अभिनन्दन

● राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** मेघ सेना के प्रदेश महासचिव एवं जोधपुर संभाग प्रभारी गणपत मेघवाल के नेतृत्व में पंचायत समिति सिरोही के प्रधान हंसमुख मेघवाल को भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोनयन पर उनके निवास पर जाकर माला और साफ ा पहनाकर बहुमान किया गया। साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हंसमुख मेघवाल ने कहा कि मैं सदा समाज के लिए तत्पर रहूंगा और समाज को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हमेशा तैयार मिलूंगा। गणपत मेघवाल ने बताया कि हंसमुख मेघवाल के जिला अध्यक्ष बनने पर समाज में खुशी व्याप्त है और समाज हित के मुद्दों पर ध्यान देने का निवेदन किया। इस दौरान कैलाश डांगी, कपिल बावल, रविंद्र परिहार, वागारम समेत समाज बंधु उपस्थित हुए।

## कृषि कुएं से फ सल के आड में बोये हुए हरे गांजे के कुल 45 पौधे किये बरामद

● राजस्थान दर्शन

**आबूरोड।** जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही द्वारा अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही के निकट सुपरविजन में स्वरूपगंज थानाधिकारी ओमप्रकाश मय् टीम द्वारा आज मुखबीर की ईत्तलानुसार सरहद फुलाबाईखेडा में लक्ष्मणसिंह पुत्र भगसिंह जाति राजपुत निवासी फुलाबाईखेडा के कृषि कुंए पर खेत की तलाशी ली गई तो रजका बाजरी की फसल के अवैध हरे गांजे के पौधे बोये हुए पाये जाने पर कुल 45 हरे गांजे के पौधे, कुल वजन 3.100 किलोग्राम बरामद किये गये। बरामद हरे गांजे के पौधों के संबंध में अग्रिम जांच जारी है।

# डॉ. सतीश चंद मीना ने उप जिला अस्पताल सपोटरा का किया औचक निरीक्षण, साफ-सफाई सुधार व समयबद्ध इलाज के दिए निर्देश

● राजस्थान दर्शन

**करौली।** आमजन तक बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चंद मीना ने गुरुवार को उप जिला अस्पताल सपोटरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर अस्पताल में चिकित्सकों और कार्मिकों की उपस्थिति की स्थिति जांची। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधा, संस्थागत प्रसव, लू-तापघात और हीट वेव से प्रभावित मरीजों के इलाज की स्थिति तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया। पीएमओ डॉ. सुभाष मीना को निर्देशित करते हुए डॉ. सतीश चंद मीना ने कहा कि सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए तथा सभी चिकित्सकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मरीजों को सुगम व गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सीएमएचओ ने अस्पताल के समस्त कार्मिकों को यूनिफॉर्म में निर्धारित समय पर ड्यूटी पर पहुंचने और पूरे समय ठहराव के लिए पाबंद किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संस्था पर आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध एवं बेहतर इलाज मिलना सुनिश्चित किया जाए। डॉ. मीना ने कहा कि गर्मी के मौसम में लू-तापघात के मरीजों के लिए विशेष वार्ड, पर्याप्त ह्रस, आईवी फ्लूड व आवश्यक दवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहें। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया।



# 21 कुंडीय महायज्ञ समापन, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे में उमड़ा भक्ति का जन सैलाब, हजारों ने ग्रहण की पंगत प्रसादी

● राजस्थान दर्शन

**करौली।** जिला मुख्यालय की शिव कॉलोनी, झील का हार स्थित अमर दास आश्रम के पास शुक्रवार को धर्म और आस्था का महासंगम देखने को मिला। संत विवेकानंद महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित,श्रीराम कथा, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं 21 कुंडीय महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा वाचक कुलदीप शास्त्री ने रामकथा का वाचन किया। 21 कुंडों की पूर्णाहुति के साथ ही पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। संत विवेकानंद ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जीव मात्र के कल्याण के लिए धर्मानुसार आचरण करना जरूरी है। आपसी जातिवाद से दूर रहकर मानव के कल्याण के लिए निरंतर पुण्य करते रहना चाहिए।

### पूर्व सभापति ने भेंट किए 5 लाख

आयोजन समिति ने सभी अतिथियों एवं दानदाताओं का साफा, दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस पुनीत कार्य में पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर ने यज्ञ एवं शिव मंदिर निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की राशि भेंट कर सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति ने इस धर्ममय आयोजन को सफल बनाने के लिए, सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं, सेवादारों, एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जितेंद्र पिचनौत, गंगाराम प्रजापत, सुभाष मीना, विनोद शर्मा, दामोदर दास महाराज सहित जिले के कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा, समाजसेवी, राजनेता एवं अधिकारी-कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विशाल भंडारे में 40 हलवाइयों ने बनाई विशेष प्रसादी

**समापन पर आयोजित अखंड भंडारे में नकटीपुरा के 40 हलवाइयों द्वारा विशेष रूप से तैयार मालपुआ और राम कोला की प्रसादी का वितरण किया गया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ प्रसादी वितरण देर रात तक अनवरत चलता रहा। महिला-पुरुष सेवादारों ने श्रद्धापूर्वक लोगों को पंगत में बैठाकर प्रसादी ग्रहण कराई।**



## संक्षिप्त-समाचार

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज

● राजस्थान दर्शन

**अजमेर।** नौकरी और शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर अलवर गेट थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी मुलाकात वर्ष 2023 में टोंक जिले के बनेठा परास्या निवासी विक्रमसिंह से हुई थी। आरोपी ने शुरुआत में उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और धीरे-धीरे उससे नजदीकियां बढ़ा लीं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने प्रेम संबंध बनाकर शादी करने का वादा किया और इसी बहाने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि सितंबर 2023 तक आरोपी उसका देहशोषण करता रहा। बाद में जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। काफी समय तक झूठे आश्वासन देने के बाद आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने अलवर गेट थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अजेमर शहर में पानी की किल्लत से जनता परेशान, जलदाय विभाग के प्रति जताई नाराजगी



● राजस्थान दर्शन

**जितेन्द्र सिंह रावत/अजमेर।** अजमेर शहर के वार्ड नंबर-62 में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को 72-72 घंटे बाद बेहद कम प्रेशर से पानी मिल रहा है। परेशान वार्डवासियों ने अब जलदाय विभाग और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। नौतपा की भीषण गर्मी में वार्ड-62 के कई इलाकों में जल वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। घूघरा घाटी से मीरशाह अली तक, पवनसुत कॉलोनी, शिव मंदिर क्षेत्र, लामड़ी, हौज की डूंगरी, अनुपम नगर और भोपों का बाड़ा सहित कई क्षेत्रों में लोगों को 72 घंटे या उससे अधिक समय बाद पानी मिल रहा है। हालात यह हैं कि पानी भी बेहद कम प्रेशर से सिर्फ एक घंटे के लिए सप्लाई हो रहा है, जिससे लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में नौकरीपेशा, मजदूर और दिहाड़ी वर्ग के लोग रहते हैं। ऐसे में अनियमित जल आपूर्ति के कारण लोगों को रोजमर्रा के कामों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों में विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है।

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली द्वारा वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण



● राजस्थान दर्शन

**करौली।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, करौली प्रताप सिंह मीना ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली के मार्गदर्शन में 29 मई को सपोटरा स्थित राज फाउण्डेशन संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया गया। विजिट के दौरान वृद्धाश्रम में केवल 05 कर्मचारी उपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर के संबंध में पूछे जाने पर कर्मचारियों द्वारा रजिस्टर अथवा रिकॉर्ड उपल्ब्ध नहीं करवाए गए एवं ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। वृद्धाश्रम में स्थित रसोईघर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। रसोई घर में चीनी, चायपत्ती एवं नमक खुले डिब्बों में रखे हुए पाए गए। वृद्धाश्रम में वृद्धजन उपस्थिति रजिस्टर में 25 वृद्धजनों का नाम अंकित पाया गया, जिसमें में 06 वृद्धजन अनुपस्थित एवं 19 की उपस्थिति दर्ज थी, जबकि विजिट के दौरान केवल 05 वरिष्ठजन निवासरत पाए गए। शेष वृद्धजनों में से किसी का कथा में जाना व ईलाज करवाने जाना बताया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में स्थित शौचालय एवं स्नानागार गंदे पाए गए। वृद्धजनों से वार्ता करने पर भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक होना बताया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में प्रताप सिंह मीना सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

### विधायक कोली ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**आबूरोड।** विधायक मोतीराम कोली ने शुक्रवार की दोपहर आबूरोड ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। विधायक मोतीराम कोली ने महीखेड़ा में संपर्क सडक़ से तोड़ाफली, संपर्क सडक़ से चौहानों की फली व चनार में संपर्क सडक़ से चौहानों की फली सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर वहाँ उपस्थित सहायक अभियन्ता से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर एक सडक़ वन विभाग सीमा में होने से कार्य शुरू नहीं होने की जानकारी दी। विधायक मोतीराम कोली ने पीडब्ल्यूडी विभाग से वन विभाग सीमा में आने वाली समस्त सडक़ों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही स्वीकृत सडक़ों को गुणवक्तापूर्ण कार्य करवाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक कोली ने बताया कि रेवदर विधानसभा के आबूरोड ब्लॉक में करीब 15 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के 27 कार्यों की स्वीकृति पीएमजीएसवाई योजना हुई है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों की ढाणियों एवं भाकर क्षेत्र की फलियों को मुख्य सडक़ से जोड़ेगी। जिससे आमजन का आवागमन सुलभ होगा। कुछ कार्य वन विभाग सीमा क्षेत्र से जुड़े हुए है जिसे स्वीकृति के लिए विभाग से प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देश दिए ।

## मेघवाल समाज छात्रावास गिन्दौर में 31 मई को होगी मासिक बैठक

राजस्थान दर्शन

**झालावाड़।** झालरापाटन गिन्दौर स्थित मेघवाल समाज छात्रावास में 31 मई, रविवार को समाज की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज के भामाशाह दानदाताओं, पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में समाज विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही छात्रावास परिसर में बरसात के दौरान पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए नाली निर्माण का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आवश्यक निर्णय लेकर कार्य शीघ्र शुरू करने पर विचार किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है। गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए बैठक का समय प्रातः 9 बजे निर्धारित किया गया है।

## भैंसेंना में अवैध शराब बिक्री के विरोध फूटा आक्रोश

धौलपुर

धौलपुर जिले के भैंसेंना गांव में अवैध शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे और अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में कुछ लोग खुलेआम देसी और अंग्रेजी शराब बेच रहे हैं। उनका कहना है कि इस अवैध कारोबार के कारण गांव का सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। ज्ञापन में बताया गया कि शराब के सेवन के बाद सार्वजनिक स्थानों पर अक्सर झगड़े, गाली-गलौज और अशांति की घटनाएं होती हैं। इससे महिलाओं, युवतियों और बच्चों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कई बार संबंधित लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन अवैध बिक्री बंद नहीं हुई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांव में अवैध शराब बिक्री के ठिकानों पर तत्काल छापेमारी कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने और क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन से भी इस मामले में हस्तक्षेप कर गांव को अवैध शराब कारोबार से मुक्त कराने का आग्रह किया। उन्होंने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## फतेहाबाद में 2 नशा तस्कर गिरफ्तार: डोडापोस्त बरामद, पंजाब के रहने वाले

फतेहाबाद

फतेहाबाद में पुलिस की सीआईए टीम ने अंतरराज्यीय नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने राजस्थान सीमा से सटे भट्टूकलां-चौपटा रोड पर नाकेबंदी के दौरान सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो मैक्स पिकअप गाड़ी से 60 किलोग्राम 365 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर पंजाब के 2 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान से डोडापोस्त लेकर पंजाब जा रहे थे। आरोपियों की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के सुक्खा सिंहवाला गांव निवासी बूटा सिंह और बरनाला जिले के पक्खो कलां गांव निवासी जसविंदर के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए सीआईए प्रभारी वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम रेलवे स्टेशन भट्टू कलां के पास गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि उक्त दोनों आरोपी बोलेरो पिकअप गाड़ी में राजस्थान के नागौर-जोधपुर रोड से भारी मात्रा में डोडा पोस्त भरकर गुप्त रास्तों से होते हुए पंजाब ले जा रहे हैं। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत भट्टू कलां से नाथूसरी चौपटा रोड पर हनुमान मंदिर के पास मजबूत नाकेबंदी कर गाड़ी को रूकवा कर दोनों को काबू कर लिया। नियमानुसार गाड़ी की तलाशी लेने पर तिरपाल और पराली के नीचे छिपाकर रखे गए 3 प्लास्टिक के कट्टे से कुल 60 किलो 365 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ भट्टू कलां थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 15सी-61-85 के तहत केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

## घाटोल प्रभारी मेवाडा ने छोपा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन




राजस्थान दर्शन

**सादडी** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऊर्जावान अध्यक्ष सम्माननीय गोविंद सिंह डोटासरा जी के निर्देशानुसार आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पीपलखूट विधानसभा घाटोल में नौतपा की भीषण गर्मी के बीच पेट्रोल,डीजल, गैस की बढ़ती क़ीमतों पानी बिजली संकट ओर स्थानीय समस्याओं को लेकर व महंगाई के विरोध में उपखण्ड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम झापन सौंपा व बढ़ती महंगाई पैट्रोल डीजल के बढ़ते दाम व रसोई गैस सलेन्डर कि क़ीमतों में वृद्धि युवाओं के रोज़गार में कमी नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कैन्द की नरेन्द्र मोदी सरकार को खिलाफ जमकर नारेबाज़ी कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे ढंग से पेट्रोल की मोटरसाइकिल को धक्का लगाते हुऐ उपखंड कार्यालय पहुँचे पर्दशन के दौरान पेट्रोल डीजल के दाम कम करो तथा युवाओं को रोज़गार दो जैसे नारे लगाए गए इस मौक़े पर विधानसभा प्रभारी राकेश मेवाडा ने कहा नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले पर चिंता जताते हए कहा कि इससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है व नीट मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा कथित मिलीभगत की जाँच की माँग की साथ ही कैन्दीय शिक्षा मंत्री धमैन्द पधान के इस्तीफ़े की माँग कि पेटौल डीज़ल गैस की बढ़ती क़ीमतों पर अंकुश लगाने की माँग कि झापन में स्थानीय स्तर पर बार बार हो रही बिजली कटौती बेरोजगारी एवं बढ़ती महंगाई से आमजन को हो रही परेशानियों का उल्लेख किया गया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने माँग कि महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ी क़ीमतें वापस ली जाए तथा नीट पेपर लीक मामले में दोषियों को सख़्त सज़ा दिलाई जाए इस मौक़े पर ब्लाक अध्यक्ष देवीलाल निनामा पुर्व पधान अर्जुनलाल निनामा ज़िला उपाध्यक्ष योगपालसिह देलवाड़ा पुर्व पधान प्रतिनिधि देवीलाल निनामा जिलापरिषद सदस्य गौतमलाल राणा संरपच चेतन पुरी गोपाल राठौड़ दिनेश निनामा कालुराम निनामा नारायण लाल निनामा जीवनलाल निनामा बसन्त लाल निनामा आलुराम पसार मणीलाल सरकोटा रणछोड़ जी महाराज रकमचन्द सरकोटा पकाश रेणदा देवीपसाद सरपंच संघ अध्यक्ष नानालाल युवा अध्यक्ष एसटी ब्लाक अध्यक्ष देवीलाल खोपडा वक्तुराम खोपडा पदीप जान ओबीसी ब्लाक अध्यक्ष बर्दीलाल टेलर मगनलाल पाडोर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे

# किसानों को सब्सिडी पर कुट्टी मशीनें वितरित, पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

### चारा प्रबंधन होगा आसान, किसानों को दी गई सब्सिडी वाली कुट्टी मशीनें




राजस्थान दर्शन

**कोटा।** कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड सरस डेयरी द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों एवं पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को सब्सिडी पर कुट्टी मशीनों का वितरण किया गया। अध्यक्ष चैन सिंह राठौड की अगुवाई में सरस डेयरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को विद्युत संचालित 38 कुट्टी मशीनें तथा 15 स्वचालित कुट्टी मशीनें वितरित कीं। मशीनें प्राप्त करने के बाद किसानों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में बताया गया कि सरस डेयरी द्वारा चरणबद्ध तरीके से कुल 300 कुट्टी मशीनों का वितरण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों पशुपालकों को लाभ मिलेगा। शुक्रवार को प्रथम चरण में 53 मशीनों का वितरण किया गया। योजना का लाभ उन किसानों को प्राथमिकता से दिया गया जो नियमित रूप से डेयरी को दुग्ध उपलब्ध करा रहे हैं।इस अवसर पर सरस डेयरी के प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं डेयरी से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन में संचालित विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कुट्टी मशीनों के उपयोग से पशुओं के लिए चारे की कटाई आसान होगी, समय और श्रम की बचत होगी तथा पशुओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। राठौड़ ने कहा कि सरस डेयरी केवल दुग्ध संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों के समग्र विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने पशुपालकों से नई तकनीकों को अपनाने और डेयरी से अधिकाधिक सब्सिडी पर वितरित हुई कुट्टी मशीनें का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सरस डेयरी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कुट्टी मशीनों से पशुपालन कार्य अधिक सुगम होगा तथा चारे की बर्बादी भी कम होगी। किसानों ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाली उपयोगी योजना बताया।

## कोटा के नेत्र विशेषज्ञों का अमेरिका में सम्मान, यूएससी लाइब्रेरी को भेंट की प्रेरणादायी पुस्तक 'एन आई फॉर द स्काई'

राजस्थान दर्शन



**कोटा।** शहर के प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ, लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुरेश पाण्डेय और डॉ. विदुषी शर्मा ने हाल ही में अमेरिका के लॉस एंजेलिस स्थित विश्वप्रसिद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया (यूएससी) और रोस्की आई इंस्टीट्यूट का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान डॉ. सुरेश पाण्डेय ने अपनी प्रेरणादायी पुस्तक 'एन आई फॉर द स्काई' यूएससी लाइब्रेरी को भेंट की। यह पुस्तक संघर्ष, सेवा, चिकित्सा और सपनों की शक्ति को दर्शाने वाली प्रेरक आत्मकथा मानी जाती है, जिसने देश-विदेश के अनेक पाठकों को प्रेरित किया है। अमेरिकी प्रवास के दौरान डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. विदुषी शर्मा और उनकी सुपुत्री इशिता पाण्डेय ने यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया के प्रेसिडेंट बियोंग-सू किम से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा, नवाचार, युवा प्रेरणा और वैश्विक सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने यूएससी एनेनबर्ग स्कूल की डीन विलो बे से भी मुलाकात कर शिक्षा, मीडिया, संचार और युवा नेतृत्व पर विचार साझा किए। डॉ. सुरेश पाण्डेय और डॉ. विदुषी शर्मा ने विश्वविख्यात रोस्की आई इंस्टीट्यूट का भी भ्रमण किया। यहां उनकी मुलाकात प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मार्क एस. हुमायूं से हुई। डॉ. हुमायूं दुनिया का पहला सफल आर्टिफिशियल रेटिना विकसित करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बहुआयामी विशेषज्ञों की टीम के साथ दृष्टिहीन लोगों की आंखों में रोशनी लौटाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। डॉ. सुरेश पाण्डेय ने कहा कि यूएससी और रोस्की आई इंस्टीट्यूट का यह दौरा उनके लिए बेहद प्रेरणादायी रहा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान, रिसर्च और नवाचार के क्षेत्र में डॉ. मार्क हुमायूं का योगदान दुनिया भर के युवा डॉक्टरों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत और वैश्विक चिकित्सा जगत के बीच ज्ञान, नवाचार और मानवीय सेवा के आदान-प्रदान का उत्कृष्ट उदाहरण है। कोटा जैसे शहर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा, साहित्य और प्रेरणा के क्षेत्र में पहचान बनाना युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश है।

## 28 जून को भीलवाड़ा में होगा सर्व ब्राह्मण वैवाहिक परिचय सम्मेलन, पंजीयन प्रारंभ

राजस्थान दर्शन



**भीलवाड़ा। महेश भारद्वाज/** अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा, राजस्थान द्वारा आगामी 28 जून को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण वैवाहिक योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2026 के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन की कामना के साथ प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता श्री गणेश जी महाराज को प्रथम निमंत्रण अर्पित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अनुभव जोशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक के नेतृत्व में गांधी नगर स्थित गणेश मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग सपरिवार उपस्थित रहे। ढोल-नगाड़ों एवं गाजे-बाजे के साथ श्री गणेश जी महाराज को सम्मेलन का निमंत्रण पत्र एवं पीले चावल अर्पित कर आयोजन की विधिवत शुरुआत की गई। उपस्थित समाजजनों ने विघ्नहर्ता से सम्मेलन की सफलता एवं मंगलमय आयोजन की प्रार्थना की। कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन समाज के वैवाहिक योग्य युवक-युवतियों को एक सार्थक एवं परिचयात्मक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान 'परिचय माधुरी' स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के युवक-युवतियों का परिचय विवरण प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा युवतियों के लिए पंजीयन निःशुल्क रखा गया है। इस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भी शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष मीनू त्रिवेदी, संरक्षक श्यामसुन्दर त्रिपाठी, डॉ. उमाशंकर पारीक, हीरालाल पाण्डिया, रामगोपाल पारीक, राकेश पंचोली, जगदीश शर्मा, सावन श्रोत्रिय, अनुराधा व्यास, सीमा जोशी, सुनीता शर्मा, प्रतिमा त्रिवेदी, वंदना उपाध्याय, रजनी त्रिपाठी, उमेश शर्मा, मुकेश पारीक, श्यामसुन्दर व्यास, शम्भू पारीक, सुरेश व्यास, गोपाल पारीक, कन्हैयालाल शर्मा, ऋषिराज शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनोज व्यास, देवकरण पारीक, जुगनू तिवाड़ी, मुकेश शर्मा, दीपक व्यास सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों ने फल बांटकर जताया विरोध: एक घंटे का कार्य बहिष्कार

झालावाड़

झालावाड़ में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के आह्वान पर कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के निर्देश पर यह प्रदर्शन 25 से 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक एक घंटे के सांकेतिक कार्य बहिष्कार के रूप में किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के तहत, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने एसआरजी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किए। राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने महासंघ एकीकृत के मांग पत्र का समर्थन करते हुए, आपातकालीन सेवाओं को देखते हुए प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार न करने का निर्णय लिया और यह अनूठा तरीका अपनाया। महासंघ की प्रमुख मांगों में आरजीएस योजना की यथावत बहाली और समर्पित अवकाश के नगद भुगतान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को भी पूरा करने की मांग की जा रही है। फल वितरण के दौरान चंद्रप्रकाश शर्मा के साथ रविश कुमार, सुरेश प्रजापति और हेमंत सहित कई नर्सिंगकर्मी मौजूद रहे।

## मां-बेटी पर धारदार हथियार से हमला, बेटी की मौत

प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र में एक गांव में गुरुवार रात अज्ञात हमलावर ने मां-बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में बेटी की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। देवगढ़ थाना अधिकारी नगजी राम ने बताया - बीती रात महिला (40) अपनी बेटी (12) के साथ खाट पर घर के बाहर सो रही थी। इस दौरान अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला कर दिया। हमले में बेटी की मौत हो गई और मां गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का पति और बेटा राजसमंद में मजदूरी के लिए गए थे। घर में केवल महिला और उसकी बेटी थी। 15 साल की दूसरी बेटी उस रात पड़ोस में रिश्तेदारों के घर सोई थी। सुबह जब वह घर लौटी तो उसने खाट पर मां और बहन को खून में सना देखा।

**Estate Officer**
**Rajasthan University of Veterinary and Animal Science (Jobner)**

क्रमांक :- EO/RUVAS/2026-27/57 दिनांक :- 23/05/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 05/2026-27**

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदकों से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विरण वेबसाईट **www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, www.ruvasjaipur.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** व **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड़ करने की तारीख | 25.05.2026 सांय 5.00 बजे से |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 08.06.2026 सांय 5.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 09.06.2026 प्रातः 11.00 बजे से |

**UBN No. : RVJ2627WSOB00008 To 00011**

राज.संवाद/सी/26/3715 सम्पदा अधिकारी

**कार्यालय पंचायत समिति निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.)**

क्रमांक /पसनि/लेखा/ई-निविदा / 2026-27/47 दिनांक : 29.5.26

**ई-निविदा सूचना संख्या 2026-27**
**(NIB Code ZCH2627A0175)**

पंचायत समिति निम्बाहेडा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत टाई में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर डोम निर्माण कार्य टाई एवं ग्रामीण बाजारों का विकास रोजगार और आर्थिक स्वतन्त्रता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना कार्य कराये जाने हेतु राजस्थान पंचायत राज नियम् 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ऑन लाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल के माध्यम से दिनांक 11.06.2026 समय सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

अधिक जानकारी के लिए sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN- ZCH2627WSOB00331, 332 पर भी देखी जा सकती है अथवा कार्यालय समय में देख सकते है ।

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति निम्बाहेड़ा**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर**

क्रमांक :- 1191 दिनांक 25.05.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 05/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए पीडब्लयूएफ एण्ड ए. आर पार्ट ।। अपेण्डिक्स 16 दिनांक 1.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमो सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रों के अनुरूप इस विभाग मे उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org. http//eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 26.05.2026 (मंगलवार) प्रातः 9.30 बजे से 01.06.2026 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 26.05.2026 (मंगलवार) प्रातः 9.30 बजे से 01.06.2026 7 (सोमवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 02.06.2026 (मंगलवार) को प्रातः 09.00 बजे से |

| NIT S.No | UBN No. | NIT S.No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB03377 | 2 | PWD2627WSOB03379 |
| 3 | PWD2627WSOB03380 | 4 | PWD2627WSOB03381 |
| 5 | PWD2627WSOB03382 | 6 | PWD2627WSOB03383 |
| 7 | PWD2627WSOB03384 | 8 | PWD2627WSOB03385 |
| 9 | PWD2627WSOB03386 | 10 | PWD2627WSOB03387 |

(अशोक कुमार सिंघल)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर

**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लि.**

रजि. कार्यालयः गाँधी ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, फोन नं. : 0141-2228060-62, फैक्स नः0141-2228065 ई-मेल :osdrmsc@nic.in, Website :www.rmsc.health.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- एफ. 9( )/आरएमएससी/भण्डार/वाहन चालक/2026-27/1079 दिनांक :- 19/05/2026

**ई-निविदा**

**कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन किराये पर लिये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के 12 माह की अवधि के लिए**

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लि., स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर मुख्यालय के राजकीय वाहनों हेतु 05 कुशल वाहन चालक हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है। अतः इच्छुक फर्मे अपना प्रस्ताव दिनांक 02.06.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र 'अ' में प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित राशि (₹ लाखों में) | बोली प्रतिभूति (bid security) (₹ लाखों में) | ई–निविदा शुल्क (₹) | RISL प्रोसेसिंग फीस (₹) | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारम्भ तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र (तकनीकी बिड) खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुशल वाहन चालक कुल संख्या 05 | 12.13 | 24260/– | 1180.00 (with GST) | 590.00 (with GST) | 19.05.2026 12.00 बजे | 02.06.2026 12.00 बजे | 02.06.2026 3.00 बजे | 03.06.2026 3.00 बजे |

ई–निविदा प्रपत्र वेबसाईट "**http://eproc.rajasthan.gov.in**" से डाउनलोड किया जा सकता है एवं वेबसाईट "**www.dipronline.org**", **sppp.rajasthan.gov.in** एवं **rmsc.health.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है। ई–निविदा ऑनलाईन इलेक्ट्रोनिक्स फोरमेट में वेबसाईट "**http://eproc.rajasthan.gov.in**" पर ही प्रस्तुत की जाएगी।

**UBN No. : MSC2627SLRC00022**
राज.संवाद/सी/26/3681 विशेषाधिकारी, आरएमएससी

## महाराणा प्रताप एवं गुरु वशिष्ठ पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, विभिन्न खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

राजस्थान दर्शन

**जालोर।** खेल विभाग द्वारा महाराणा प्रताप एवं गुरु वशिष्ठ पुरस्कार वर्ष 2025-26 हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को महाराणा प्रताप पुरस्कार तथा प्रशिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों को गुरु वशिष्ठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। महाराणा प्रताप एवं गुरु वशिष्ठ पुरस्कार नियम-2025 की प्रति एवं निर्धारित आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट 222.ह्ह्यह्यष्.द्बठ्ठ पर उपलब्ध हैं। पात्र एवं योग्यता पूर्ण करने वाले शारीरिक शिक्षक एवं प्रशिक्षक अपने आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित 10 अगस्त 2026 तक जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, जालोर पर भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बहुउद्देश्यीय हॉल में वुशु, बॉक्सिंग, जिमनास्टिक एवं योग खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी एवं विद्यार्थी खेल कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।

## देररात खडी जीप में लगी आग

राजस्थान दर्शन



**बेगूँ।** बेगूँ नगर के स्टेट बैंक के पास बनेकड माता मार्ग पर घर के बाहर खड़ी एक कमांडर जीप में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी जिससे जीप को बहुत नुकसान पहुँचा है। मिली जानकारी के अनुसार बेगूँ नगर के एसबीआई बैंक के पास खड़ी हुई एक कमांडर जीप में गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी जिससे जीप का हुड, सीटे एवं बैटरी जलकर राख हो गयी। गाडी मालिक को रात्री को 2 बजे घटना की जानकारी मिलने पर गाडी मालिक एवं पड़ोसियों के द्वारा आग बुझायी गई लेकिन आग से ग्रस्त जीप का केवल ढाँचा ही बच पाया। गनीमत यह रही कि आग आसपास के मकानों तक नही पहुँच पायी नही तो बहुत नुकसान हो सकता था। बेगूँ पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ वाहन मालिक कमरूद्दीन ने खडी जीप में आग लगाने का मामला दर्ज करवाया गया है।

## कुमावत सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन, जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



राजस्थान दर्शन

**दांतारामगढ़ (सीकर)।** खाटूश्यामजी में 26 मई 2026 को करण कुमावत निवासी त्रिलोकपुरा-रानोली पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में कुमावत सेवा समिति तहसील दांतारामगढ़ ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि करण कुमावत पुत्र मदनलाल कुमावत निवासी झरी कोठी, त्रिलोकपुरा वाया रानोली जिला सीकर पर कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल करण का उपचार श्री कल्याण अस्पताल सीकर में चल रहा है। घटना के बाद कुमावत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समिति पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि करण कुमावत अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है तथा परिवार आर्थिक रूप से सामान्य एवं मजदूर वर्ग से जुड़ा हुआ है। गंभीर चोटों के कारण उसे तत्काल बेहतर उपचार की आवश्यकता है। समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। इस दौरान कुमावत सेवा समिति तहसील दांतारामगढ़ के पदाधिकारी एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## *पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित*

### अपराधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश



राजस्थान दर्शन

**राजसमंद।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की कानून व्यवस्था, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एएसपी मुख्यालय महेन्द्र पारीक, महिला अपराध अनुसंधान सैल के एएसपी रजत विश्नोई, त्वरित अनुसंधान सैल के एएसपी बंशीलाल, डीएसपी नेत्रपालसिंह, शिप्रा राजावत, राकेश वर्मा, लिलाधर मालवीय सहित जिले के सभी थानाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसपी हेमंत कलाल ने पुलिस मुख्यालय और महानिरीक्षक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त और प्रभावी नाकाबंदी करने के निर्देश दिए ताकि अपराधों पर रोकथाम लगाई जा सके।

## सकारात्मक बदलाव की नई पौध : राजसमंद जेल के बंदियों ने तैयार किए 21 हजार सीड बॉल्स

राजस्थान दर्शन

**राजसमंद।** सुधार और सृजन जब हाथ मिलाते हैं, तो परिणाम सुखद होते हैं। कुछ ऐसा ही अनूठा उदाहरण पेश किया है जिला कारागृह राजसमंद के बंदियों ने। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा की प्रेरणा और मार्गदर्शन में इन बंदियों ने समाज और पकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए 21 हजार सीड बॉल्स तैयार किए हैं। यह नवाचार न केवल राजसमंद की धरा को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि जेल की चारदीवारी के भीतर बंदियों के सकारात्मक मानसिक परिवर्तन का प्रतीक भी बन गया है। शुक्रवार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा, एडीजे भारत भूषण पाठक और न्यायालय प्रबंधक दीपक शर्मा ने जिला कारागृह का दौरा कर इस हरित अभियान का जायजा लिया। जेलर हेमंत सालवी ने बताया कि बंदियों ने पूरी तन्मयता के साथ मिट्टी और खाद के मिश्रण से ये बीज बम तैयार किए हैं, जो मानसून की दस्तक के साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जीवन बिखेरने के लिए तैयार हैं।

# मच्छरो के खात्मे के लिये अभियान जून माह को 'एंटी मलेरिया माह' के रूप में मनाया जाएगा

राजस्थान दर्शन




**चित्तौडगढ।** जिले में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में जन-जागरूकता, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने के लिए जून माह को 'एंटी मलेरिया माह' के रूप में मनाया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी खण्डो के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक स्तर पर जागरूकता, सर्विलांस और रोकथाम गतिविधियां संचालित की जाएंगी। डॉ ताराचन्द गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक देश को मलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और राजस्थान इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जून माह में चलने वाला यह विशेष अभियान आमजन को मच्छरजनित रोगों के प्रति जागरूक बनाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केन्द्र के निर्देशानुसार जून 2026 को 'एंटी मलेरिया माह' के रूप में मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं बल्कि सघन मॉनिटरिंग, समय पर जांच और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर तक रैलियां, विद्यालयों में कार्यक्रम, प्रचार अभियान और जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक बुखार पीड़ित व्यक्ति की ब्लड स्लाइड और आरडीटी जांच कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करने, साफ-सफाई बनाए रखने और विभिन्न विभागों के समन्वय से रोकथाम गतिविधियां संचालित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों, वन क्षेत्रों, सीमा क्षेत्रों, परियोजना क्षेत्रों तथा शहरी एवं पेरी-अरबन इलाकों में विशेष सर्विलांस अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों की बैठकों में आशा सहयोगिनी, एएनएम, सीएचओ, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। डॉ पुनीत कुमार तिवारी उप मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) ने बताया कि दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में मलेरिया जांच किट, एंटी मलेरियल दवाइयों और एलएलआईएन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। छात्रावासों, आश्रमों, जेलों, कार्यालयों और सुरक्षा बल शिविरों में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर से वीडियो कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से जिले के बीसीएमओ, सीएचसी, पीएचसी को अभियान की गतिविधियो के बारे में विस्तृत से बताया गया है, 16 जून से 30 जून तक 'हैचरीज क्रियाशील पखवाड़ा' मनाया जाएगा, जिसके तहत पानी के गड्ढों में गम्बूशिया मछलियां छोड़ी जाएंगी ताकि मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा प्रत्येक मलेरिया पॉजिटिव केस के आसपास 100 घरों में फीवर सर्वे, एंटी लार्वा गतिविधियां और आईईसी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने सभी खण्डो को अभियान की दैनिक और साप्ताहिक रिपोर्ट नियमित रूप से जिला स्तर भेजने के निर्देश भी दिए हैं।

## आमजन को किया वर्षा जल की बूंद-बूंद के संरक्षण हेतु प्रोत्साहित

### कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



राजस्थान दर्शन

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने रामगढ़ के ग्राम जुगरावर में 'वन्दे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर आमजन को जल संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण जागरूकता हेतु कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत ग्राम बगड़ राजपूत में जल संरक्षण के कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप बूंद-बूंद जल के संरक्षण हेतु आमजन की सहभागिता से 5 जून तक 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का संचालन किया जा रहा है, जिसमें अंतर्गत सभी विभागों व आमजन के सहयोग से जल संरक्षण के उद्देश्य से जल स्त्रोतों, तालाबों, नहरों, बावडियों, झीलों की साफ-सफाई एवं उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में राजीविका समूहों से जुडी महिलाएं अपने घरों, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर छोटे-छोटे जल स्ट्रक्चर निर्माण में सहभागिता निभाकर जल संरक्षण के इस अभियान से जुडी हैं। रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि जल है तो कल है इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री श भजनलाल शर्मा के आह्वान पर प्रदेश में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जन-जन का अभियान बना रहा है, जिसके तहत आमजन बढचढ जन संरक्षण के प्रति ना केवल जागरूक हो रहे हैं, बल्कि जल संचयन कार्यों में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्टर एवं रामगढ विधायक ने ग्राम बगड़ राजपूत में जोहड़ कार्य, स्कूल खेल मैदान, रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, बीडीओ विजय भाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## बिशनगढ़ में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव व आरक्षण खिड़की खोलने को लेकर मिले डीआरएम से

राजस्थान दर्शन



**जालोर।** बिशनगढ़ रेल यात्री संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल बिशनगढ़ में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव व आरक्षण खिड़की खोलने को लेकर डीआरएम से मिलकर ज्ञापन दिया। बिशनगढ़ रेल संघर्ष समिति के नाथूलाल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को डीआरएम अनुराग त्रिपाठी से मिलकर बिशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव व आरक्षण खिड़की खोलने को लेकर चर्चा कर ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि बिशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीटरगेज के समय जोधपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होता था लेकिन ब्रॉडगेज बनने के बाद एक भी एक्सप्रेस ट्रेन बिशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं है जबकि बिशनगढ़ रेलवे स्टेशन का यात्री भार व राजस्व जालोर जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन से भी अधिक था इसलिये अगर बिशनगढ़ स्टेशन पर ठहराव होता है तो रेलवे के राजस्व में वृद्धि होगी साथ ही जालोर व आहोर विधानसभा के मांडवला, उम्मेदाबाद, सायला, बालवाड़ा, देबावास, ओड़वाड़ा, रायथल, भवरानी, भोरड़ा, भाद्राजून, रामा, बाला, जीवाणा आदि बड़े कस्बों सहित 25 से 30 ग्राम पंचायत के लोगों को भी सहूलियत मिलेगी। ज्ञापन में बताया कि बिशनगढ़ रेलवे स्टेशन जालोर जिले का एक महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय रेलवे स्टेशन है। बिशनगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 325 एवं स्टेट हाईवे-16 से सीधे जुड़ा हुआ है। पहले भी पूर्व सांसद देवजी पटेल, वर्तमान सांसद लुम्बाराम चौधरी, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित द्वारा भी बिशनगढ़ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव हेतु अनुशंसा की गई है। इस दौरान नाथूलाल शर्मा, नैनसिंह बालावत, मोहनलाल प्रजापत, भभूतमल जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

## भीनमाल में सजेगा खेल प्रतिभाओं का महाकुंभः आज से शुरू होगा रात्रिकालीन फुटसाल का महासंग्राम



राजस्थान दर्शन

**भीनमाल (जालोर)।** कवि माघ की ऐतिहासिक नगरी भीनमाल अब फुटसाल खेल के सबसे बड़े केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बनाने जा रही है। माघ स्पोर्ट्स क्लब भीनमाल के तत्वावधान में आगामी आज 30 व कल 31 मई को स्थानीय शिवराज सुखराज नाहर स्टेडियम में एक भव्य रात्रिकालीन फुटसाल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में जालोर जिले की कुल 16 दमदार टीमें मैदान में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी।रात की चमचमाती दुधिया रोशनी में होने वाले यह मुकाबले खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। मैदान पर खिलाड़ियों की रफ्तार, सटीक पासिंग और शानदार गोलों का रोमांच दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। आयोजन समिति का मानना है कि यह प्रतियोगिता केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी युवाओं के सपनों, संघर्ष और उनकी छिपी हुई खेल प्रतिभा को सामने लाने का सबसे बड़ा मंच साबित होगी। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन के तहत विजेता टीम को 11,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। वहीं उपविजेता रहने वाली टीम को 5,100 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा व्यक्तिगत प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए 'बेस्ट प्लेयर', 'बेस्ट गोलकीपर' और 'टॉप स्कोरर' को भी विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जुटे सचिव गुमानसिंह गुन्दाऊ स्वयं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं। खेल विशेषज्ञ हितेश माली ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही सभी 16 टीमों ने मैदान पर पसीना बहाकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि भीनमाल की जनता को बेहद रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले मुकाबले देखने को मिलेंगे। भीनमाल में खेल आयोजनों को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति दिन-रात मेहनत कर रही है। खिलाड़ियों के रुकने, अनुशासन बनाए रखने और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई हैं। इस महाकुंभ को सफल बनाने में हितेश माली, हरिराम डारा, शिवराज सिंह, बंशीलाल गौड़, उत्तम काबावत, मनसुख प्रजापत और कृष्ण देवासी जैसी युवाओं की पूरी टीम लगन और समर्पण के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जुटी हुई है। समिति का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करना और युवाओं को नशे व सोशल मीडिया की लत से दूर कर मैदान की ओर मोड़ना है।

## जालोर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

राजस्थान दर्शन




**जालोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र, जालोर एवं जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में माह मई में आयोजित पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बारीकियों, पारदर्शिता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से रूबरू कराना था। जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जिले के 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने पी.डी.एस. की कार्यप्रणाली को जमीनी स्तर पर समझा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने राशन की दुकानों पर जाकर पॉइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से लाभार्थी प्रमाणीकरण और पारदर्शी वितरण प्रक्रिया को देखा। प्रतिभागियों को भारतीय खाद्य निगम के गोदामों का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने स्टॉक प्रबंधन और सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। प्रशिक्षण में माय भारत स्वयंसेवकों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम, गिव अप अभियान एवं डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक भी किया।युवाओं को रसद प्रणाली में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

### बैठक में युवाओं ने साझा किए अनुभव

कार्यक्रम के अंतिम दिन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने अपने पांच दिनों के अनुभव साझा किए। माय भारत विभाग के जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में नागरिक कर्तव्य की भावना और सरकारी प्रणालियों के प्रति समझ विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल के डिजिटल प्रमाण पत्र भी वितरित किए जायंगे। कार्यक्रम में जिले से माय भारत के युवा स्वयंसेवक हिमांशु राव, कैलाश कुमार, केवाराम देवासी, नरेश कुमार एवं पुनीत सुन्देशा ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया।

# लाला इलेवन गैंग का फाइनल क्रैकडाउन : गैंग से जुड़े बदमाशों से 2 अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद

### खमनोर थाना पुलिस ने हथियारों समेत तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

राजस्थान दर्शन



**राजसमंद-खमनोर।** जिले में सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले युवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खमनोर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लाला इलेवन गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खमनोर थानाधिकारी नरेन्द्रसिंह भाटी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देश पर जिलेभर में सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर हथियारों का प्रदर्शन करने, अवैध हथियार रखने और गैंग संस्कृति का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी महेंद्र पारिक एवं वृत्ताधिकारी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में खमनोर थाना क्षेत्र में सक्रिय गैंगों पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को लाला इलेवन गैंग के सदस्यों की गतिविधियों की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर युवाओं द्वारा गैंग बनाकर हथियारों का प्रदर्शन करने और आपसी रंजिशों को बढ़ावा देने की घटनाएं सामने आ रही थीं। इसे देखते हुए थाना स्तर पर विशेष टीमें गठित की गईं और स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई और गैंग से जुड़े युवकों की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की।

### नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए आरोपी

भाटी ने बताया कि गुरूवार को सहायक उप निरीक्षक माधुसिंह एवं पुलिस टीम द्वारा हरिदासजी का गुड़ा, झालों की मंदार चौकी क्षेत्र के पास नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रोककर पूछताछ की गई। संदेह होने पर तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दो अवैध देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कैलाशसिंह उर्फ खुशी पुत्र नाथूसिंह दसाना राजपूत (25) निवासी सरवडियों की भागल झालों की मंदार, हेमेंद्रसिंह उर्फ सुरेश पुत्र प्रेमसिंह राजपूत (31), निवासी गांगवा की भागल, मोखड़ा व मोहनसिंह पुत्र देवीसिंह परमार (20) निवासी मोखड़ा, थाना खमनोर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद हथियारों और कारतूसों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध हथियार कहां से लाए गए थे और इनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। एसपी हेमंत कलाल ने कहा कि राजसमंद पुलिस ने युवाओं से सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर हथियारों का प्रदर्शन नहीं करने की अपील की है। एसपी का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जिले में अपराध एवं गैंगवार को किसी भी कीमत पर बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार जिले में अवैध हथियार रखने वालों और सोशल मीडिया पर अपराध का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## उत्कर्ष सेवा सम्मान 2026 पुलिस सम्मान समारोह का आयोजन किया



राजस्थान दर्शन

**रानी।** पी.एस.सेवा समिति रानी स्टेशन के तत्वावधान में उत्कर्ष सेवा सम्मान 2026 पुलिस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रानी थाना अधिकारी आनंद कुमार सांखला को 21 किलो की फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की सेवाओं एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनके योगदान की सराहना की गई।पी.एस.सेवा समिति अध्यक्ष हरिसिंह चौहान ने बताया कि समाज में शांति,सुरक्षा एवं जनसेवा के कार्यों में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। पुलिस कर्मियों के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है तथा समाज और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।इस अवसर पर समारोह में श्री राज राजेंद्र बसंती देवी किशोर मल खीमावत चैरिटेबल ट्रस्ट के व्यवस्थापक रंजीत ढालावत,निर्वतमान पार्षद सुनील बैरवा,निर्वतमान नेता प्रतिपक्ष मो, इलियास चढ़वा, सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह राजपुरोहित,समाजसेवी सलीम भाटी,अशोक परिहार, थानमल,मुकेश परिहार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज हित में निरंतर सेवा कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## गुच्ची नाड़ी पानी निकासी को लेकर गंदे नाले पर अतिक्रमण चिन्हित



राजस्थान दर्शन

**रोहट।** कस्बे की गुच्ची नाड़ी को खाली कराने एवं गंदे नाले की सफाई को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रशासनिक टीम द्वारा नाले पर हुए अतिक्रमणों का चिन्हीकरण किया गया। कार्रवाई के दौरान आरआई मदनलाल, पटवारी सुजाराम पटेल एवं ग्राम विकास अधिकारी श्याम सारण सहित सहित ने मौका निरक्षण कर अतिक्रमण को चिन्हित किया गया। गौरतलब है कि गुच्ची नाड़ी का मुद्दा लंबे समय से रोहट के चुनावी मुद्दों में शामिल रहा है। बरसात के समय नाले की सफाई नहीं होने से निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की सफाई एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली जाती है तो आगामी मानसून में निचली बस्तियों को काफी राहत मिल सकेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों में उम्मीद जगी है कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो सकेगा।

‘वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान’

## शिव में जल संरक्षण का संदेश, आमजन ने लिया संकल्प



राजस्थान दर्शन

**बाड़मेर।** भीषण गर्मी को देखते हुए विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आमजन के लिए ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए पारंपरिक जल स्रोतों – टांके, कुएं एवं बावड़ियों के संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन () को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने जल बचाने एवं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर शिव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी स्वरूपसिंह राठौड़, शिव मंडल अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह, पूर्व सरपंच परमानन्द खत्री, एससी मोर्चा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पन्नाराम, विभाग के अधिशासी अभियंता जयरामदास मेघवाल, सहायक अभियंता ओमप्रकाश एवं कनिष्ठ अभियंता प्रकाशचंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक खेतसिंह राजगुरु, रेवंतसिंह राजपुरोहित, तखतसिंह, श्रवणसिंह, खेताराम मेघवाल सहित शिव क्षेत्र के अनेक ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## *धोरीमना में खुशी की लहर, माँजू बने राष्ट्रीय किसान संघ के प्रदेश महामन्त्री*

राजस्थान दर्शन

**धोरीमना।** क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पूनमाराम माँजू (रामवास) को राष्ट्रीय किसान संघ का प्रदेश महामन्त्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही धोरीमना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय किसान संघ के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष भाखराराम विश्नोई एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अजय पाल गोदारा ने संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता एवं किसान हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पूनमाराम माँजू लंबे समय से किसानों की समस्याओं एवं अधिकारों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। ग्रामीणों एवं किसान नेताओं ने उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों के दुख-दर्द को समझने वाले सरल, मिलनसार एवं सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी हैं। वे हमेशा समाज के हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूनमाराम माँजू बिना किसी भेदभाव के सभी को समान सम्मान देते हैं। उनका आमजन से गहरा जुड़ाव एवं सेवा भाव क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, किसान प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसानों की आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी।

# पानी केवल एक जरूरत नहीं, बल्कि जीवन का आधार: जोराराम कुमावत

राजस्थान दर्शन

**पाली।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित ‘वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान’ के तहत सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसंत के बाबा गांव में उपखंड प्रशासन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक और पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और जीव दया को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रभात फेरी और कलश यात्रा से जागरूकता का संदेश

कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने खेतला मंदिर से ‘वंदे गंगा प्रभात फेरी’ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करके किया। यह प्रभात फेरी गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई माताजी मंदिर ढाणी पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जल संरक्षण का संदेश देने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली।



देशभक्ति और जल संरक्षण के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

### विकास कार्यों का लोकार्पण और पौधारोपण

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मंत्री कुमावत ने खेड़ा देवी माता मंदिर परिसर में पौधारोपण किया और ग्रामीणों से पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में जल संकट के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान फेज और डायवर्जन चैनल का विधिवत लोकार्पण किया।

### श्रमदान और पक्षियों के लिए परिंडे

जीव दया और जल संचय की भावना को चरितार्थ करते हुए कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय गवई तालाब पर पहुंचकर खुद फावड़ा थामकर श्रमदान किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में तपती गर्मी में मूक पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे बांधे और ग्रामीणों से नियमित रूप से उनमें पानी भरने की अपील की। जोराराम कुमावत ने संबोधित करते हुए कहा कि पानी केवल एक जरूरत नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आज हम पानी की एक-एक बूंद को कितना सहेज कर रखते हैं। हमारी सरकार ‘वंदे गंगा अभियान’ के माध्यम से जल स्वावलंबन को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज बाबा गांव में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और डायवर्जन चैनल के रूप में जो सौगात मिली है, वह इस क्षेत्र के जल स्तर को सुधारने में मील का पत्थर साबित होगी। लेकिन सरकारी प्रयास तब तक अधूरे हैं, जब तक इसमें जनता की भागीदारी न हो। आज जिस तरह हमारी माताओं-बहनों ने कलश यात्रा निकाली है और युवाओं ने उत्साह दिखाया है, उससे साफ है कि अब पानी बचाने की अलख हर घर में जग चुकी है। कुमावत ने कहा कि धरती को हरा-भरा रखने के लिए केवल पौधा लगाना काफी नहीं है, उसे अपने बच्चे की तरह पालकर बड़ा करना हमारी जिम्मेदारी है। इसके साथ ही, इस भीषण गर्मी में हमें उन मूक पक्षियों और बेजुबान जानवरों का भी ध्यान रखना है जो बोल नहीं सकते। हर व्यक्ति अपने घर के बाहर एक परिंडा जरूर बांधे। आइए, आज हम सब मिलकर संकल्प लें कि पानी को व्यर्थ नहीं बहने देंगे, जल स्रोतों की रक्षा करेंगे और पर्यावरण को बचाने के लिए निरंतर श्रमदान करेंगे। कार्यक्रम में पूनम सिंह परमार, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक शिवराज सिंह बिठिया, उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार, तहसीलदार हिमांशु कच्छावा, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, ग्राम पंचायत बसंत की प्रशासक नेनु देवी, सरपंच संघ, सुमेरपुर के अध्यक्ष व ढोला के प्रशासक मेघाराम परमार, सांडेराव के महिपाल सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य लालाराम चौधरी, पशुपालन प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य जोराराम देवासी, राम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चेणा ग्राम पंचायत में विशेष जन सुनवाई आयोजित, विभिन्न विभागों के 257 प्रकरणों का निस्तारण

राजस्थान दर्शन



**रोहट।** ग्राम पंचायत चेणा में गुरुवार को जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार विशेष जन सुनवाई शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई कर मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को निर्धारित समयावधि में समाधान के निर्देश दिए गए।विशेष जन सुनवाई में राजस्व विभाग के 50, पंचायत राज विभाग के 25, पीडब्ल्यूडी विभाग के 5, सिंचाई विभाग के 5, जलदाय विभाग के 14, विद्युत विभाग के 10, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 18, चिकित्सा विभाग के 30, पशुपालन विभाग के 15, श्रम विभाग के 15, सहकारिता विभाग के 60 तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के 10 सहित कुल 257 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर में क्षेत्र के विभिन्न तालाबों और नाड़ी स्थलों के संरक्षण को लेकर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक शीट बिछाकर तालाबों को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। शिविर में जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया।इस दौरान उपखंड प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।इस दौरान उपखंड अधिकारी पुरन कुमार, तहसीलदार प्रकास पटेल,विकास अधिकारी मनमोहन मीणा,जलदाय विभाग कानसिंह राणावत,दिलीप परिहार,राहुल राजपुरोहित,सरपंच भगाराम पटेल,ग्राम विकास अधिकारी दिनेशसिंह चारण सहित मौजूद रहें।

## जल संरक्षण की दिशा में बाबागांव बना मिसाल, सेलो फाउंडेशन ने शुरू किया तालाब पुनर्जीवन अभियान

राजस्थान दर्शन



**फालना।** जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की दिशा में सुमेरपुर तहसील का बाबागांव अब एक नई मिसाल बनता नजर आ रहा है। सेलो फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत एवं संस्थापक घीसूलाल बादामिया राठौड़ तथा अध्यक्ष प्रदीप राठौड़ के मार्गदर्शन में ‘वंदे गंगा जल संरक्षण’ एवं ‘कर्मभूमि से मातृभूमि’ अभियान के तहत बाबागांव में तालाब पुनर्जीवन एवं भराव क्षमता वृद्धि कार्य का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत उपस्थित रहे। उन्होंने जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि पानी बचाने के लिए सामूहिक जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों एवं युवाओं से जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सेलो फाउंडेशन की ओर से शंभू सिंह यादव, अमित कुमार एवं बसंत जैन ने अपनी सहभागिता निभाई। वहीं सुमेरपुर उपखंड अधिकारी कालूराम कुमावत सहित गांव के प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने तालाबों, कुओं एवं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन पर विशेष बल दिया। ग्रामीणों के सहयोग, उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

ईनामी वांछित गिरफ्तार

## जोधपुर पुलिस ने टॉप टेन मे वांछित एवं दो हजार रूपये का ईनामी आरोपी जगदीश को गिरफतार किया हैं

राजस्थान दर्शन

**जोधपुर** / उससे शत प्रतिशत माल सोने चांदी के जेवरात बरामद किए जिनकी क़ीमत करीब 30 लाख रूपए बताई जा रही हैं । जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने बताया--थानाधिकारी व टीम द्वारा त्वरित अनुसंधान करते हुए पुलिस थाना सोजतरोड जिला पाली द्वारा नकबजनी के प्रकरण का खुलासा कर टॉप टेन मे वांछित व दो हजार रूपए के ईनामी आरोपी जगदीश को गिरफतार किया। प्रार्थी बाबुलाल पुत्र लुम्बाराम निवासी बेरा टोचावा मांडा थाना सोजतरोड जिला पाली ने 06 मई को लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरे रहवासी मकान बेरा टोचावा सरहद ग्राम मांडा मे दिनांक 5 मई को रात्री मे अज्ञात चोरो द्वारा मकान का ताला तोडकर घर मे रखे सोने चांदी के जेवरात जिसमे 18 तोला सोने के जेवरात व लगभग 2 किलो चांदी के जेवरात चुराकर ले गये मुझे शक है कि मेरे भतीजे चेनाराम ने अन्य लोगो के साथ मिलकर चोरी की है वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण सं. 93 6 मई धारा 331 (4), 305 (ए), 61 (2) भारतीय न्याय संहिता मे दर्ज कर अनुसंधान प्रारभ किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी सोजतरोड मय टीम द्वारा घटनास्थल एवं आस-पास क्षेत्र से साक्ष्य संकलन कर प्रकरण मे आरोपियों की पहचान एवं नामजद कर घटना का खुलासा करते हुए पुर्व मे अभियुक्त चेनाराम व मनीष उर्फ मुकेश को गिरफतार किया गया मुख्य अभियुक्त जगदीश माल लेकर फरार हो जाने पर थाने के टॉप टेन में वांछित अपराधियो की सूची में शामिल कर दो हजार रूए की ईनाम राशी की घोषणा करवाई गई। प्रकरण मे वांछित मुख्य अभियुक्त जगदीश पुत्र मांगीलाल निवासी अलावास हाल रेन्दडी पुलिस थाना सोजतरोड जिला पाली का टीम द्वारा लगातार पीछा किया गया तो आरोपी जगदीश गांव छोडकर अहमदाबाद, मुम्बई, पूना, गोवा जाकर अपने ठीकाना बदलता रहा जिस पर पुलिस टीम ने कडी मेहनत व लगन से लगातार प्रयास करते हुए अभियुक्त जगदीश को 27 मई को गिरफतार किया जाकर प्रकरण मे शत प्रतिशत माल बरामद करने में सफलता अर्जित की गई। अभियुक्त से अन्य चोरी की वारदात के सबंध मे गहनता से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।

## किरण माहेश्वरी स्मृति मंच उदयपुर जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**राजसमंद।** किरण माहेश्वरी स्मृति मंच, राजस्थान की पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं उदयपुर-राजसमंद की पूर्व सांसद स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के सामाजिक चेतना, जनसेवा एवं लोक कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंच की गतिविधियों को और अधिक गति, ऊर्जा एवं प्रभावी दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से किरण माहेश्वरी स्मृति मंच उदयपुर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। शहर जिलाध्यक्ष मनोज लोढ़ा ने मंच के महासचिव गोविन्द दीक्षित की अनुशंसा पर नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। नवीन कार्यकारिणी में अनीता दरक एवं चेतन लुणदिया को महामंत्री नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष यशवंत पालीवाल, उर्मिला भंडारी, दामोदर खटोड़ एवं नरेंद्र पोरवाल को बनाया गया है। इसी प्रकार मंत्री पद पर संकल्प सनाढ्य, पार्थ समदानी, नवीन मोदी, राहुल सिंघटवाडिया एवं सांस्कृतिक सचिव रेखा देवपुरा को नियुक्त किया गया है।

## इंसानियत की मिसाल बने टीटी मास्टर, जनरल डिब्बे के यात्रियों के लिए बने सहारा

राजस्थान दर्शन



**मारवाड़ जंक्शन।** भारतीय रेलवे में जहां अक्सर जनरल और लोकल डिब्बों में भीड़भाड़ के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं पुणे से हावड़ा चलने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस में कुछ टीटी मास्टर अपनी सेवा और इंसानियत के कारण यात्रियों के दिलों में खास जगह बना रहे हैं। आजाद हिंद एक्सप्रेस के जनरल डिब्बों में हर दिन भारी भीड़ रहती है। यात्रियों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती और धक्का-मुक्की के बीच सफर करना मजबूरी बन जाता है। ऐसे हालात में ट्रेन के टीटी मास्टर प्रसून सिंह, बी. एस. तिवारी और राजू जनराव यात्रियों के लिए राहत बनकर सामने आए हैं। बताया जाता है कि ये टीटी मास्टर भीड़ के बीच यात्रियों को शांतिपूर्वक सही तरीके से बैठाने का प्रयास करते हैं। गरीब और जरूरतमंद यात्रियों की मदद करना इनके स्वभाव का हिस्सा बन चुका है। कई बार जरूरतमंद यात्रियों को चाय-पानी तक उपलब्ध कराकर उनकी सहायता करते हैं। इनके इस व्यवहार की चर्चा अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से हो रही है और लोग इनके कार्यों की जमकर सराहना कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक भावुक कर देने वाला वीडियो भी वायरल हुआ। वीडियो में एक युवक बिना टिकट और भूखे पेट अपने घर लौट रहा था। उसने बताया कि उसे काम के पैसे नहीं मिले, जिसके कारण वह बेहद परेशान था। टिकट चेकिंग के दौरान जब टीटीई ने उसे पकड़ा तो नियमों के अनुसार कार्रवाई करने के बजाय उसकी पूरी बात सुनी और उसकी मजबूरी को समझा। टीटीई ने इंसानियत दिखाते हुए न केवल उस युवक की मदद की बल्कि उसे सुरक्षित तरीके से उसकी यात्रा पूरी करने में भी सहायता की। इस नेक काम की सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब तारीफ की और कहा कि ऐसे रेलवे कर्मचारी ही भारतीय रेलवे की असली पहचान हैं। इसी तरह एक अन्य घटना स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसमें भीड़भाड़ के दौरान चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक यात्री का पैर फिसल गया। यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिरने ही वाला था, लेकिन रेलवे कर्मचारियों और सतर्क लोगों की मदद से उसकी जान बचा ली गई। इन घटनाओं ने यह साबित कर दिया कि रेलवे में आज भी ऐसे कर्मचारी मौजूद हैं जो केवल अपनी ड्यूटी ही नहीं निभाते, बल्कि इंसानियत और सेवा भावना से यात्रियों का दिल जीत लेते हैं। जनरल डिब्बे में सफर करने वाले यात्री आज भी ऐसे टीटी मास्टरों को याद रखते हैं और उनकी तारीफ करते नहीं थकते।

# रानी में 1.80 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय, विधायक केसाराम चौधरी ने किया शिलान्यास

राजस्थान दर्शन





**रानी।** नगर के प्रताप बाजार स्थित राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी की अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कुल 1 करोड़ 80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रथम चरण में 90 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। शिलान्यास समारोह में विधायक केसाराम चौधरी, भाजपा रानी मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा एवं मंडल संयोजक दिनेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक केसाराम चौधरी ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नवीन आयुष चिकित्सालय भवन के निर्माण से लोगों को आधुनिक सुविधाओं के साथ आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ स्थानीय स्तर पर मिलेगा। साथ ही भविष्य में इस अस्पताल का विस्तार कर इसे 30 बेड क्षमता वाले चिकित्सालय के रूप में विकसित किया जाएगा। भाजपा रानी मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत ने इसे क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक सौगात बताते हुए कहा कि इस परियोजना से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के हजारों लोगों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध होगी तथा मरीजों को इलाज के लिए अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। कृषि विपणन विभाग के सहायक अभियंता सी.एल. हटेला ने बताया कि आयुष चिकित्सालय भवन के लिए कुल 1.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रथम चरण में 90 लाख रुपये की लागत से 10 बेड का अस्पताल, चार डॉक्टर कक्ष, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग पंचकर्म कक्ष, वार्ड, ड्रेसिंग रूम तथा विशाल रिसेप्शन हॉल का निर्माण किया जाएगा। भवन पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत विधायक केसाराम चौधरी, हरीश गहलोत, डालचंद मेवाड़ा एवं दिनेश जैन ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी शिवा जोशी, आयुर्वेद विभाग के निदेशक बजरंग लाल शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, बिजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह, युगराज जैन, हेमराज जैन, राजेंद्र गौतम, कुशल राज मेहता, शंकर सिंह राजपुरोहित, सवाराम मेघवाल, ईश्वर सिंह राजपुरोहित, जोधाराम कुमावत, मुकेश राठौड़, निर्वतमान पार्षद महेश भील, सीता बंजारा, घीसूलाल चौधरी, आयुष विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## अशोक उद्यान में विशाल निःशुल्क योग शिविर की शुभारंभ

राजस्थान दर्शन

**जोधपुर ।** मोहनी योग संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष की भांति अशोक उद्यान में आज प्रातः 24 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का महेंद्र लूणावत प्रेम भाटिया अनु माथुर,निधि भार्गव वरिष्ठजनों के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत् शुभारंभ किया गया प्रथम दिवस ही सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज की सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया गया योग गुरु मुक्ता माथुर बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग मनाया जाता है,हम जून माह को योग उत्सव के रूप में मनाएंगे शिविर में आज प्रार्थना के साथ हल्के सूक्ष्म व्यायाम और बुनियादी स्ट्रेचिंग से शुरुआत करवाई सचेत रूप से सांस लेने की एक नियंत्रित प्रक्रिया का अभ्यास करवाया एवं सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने का संकल्प दिलवाया गया विश्व हिंदू परिषद से महेंद्र उपाध्याय ने योग साधकों आज के तनावपूर्ण जीवन में योग की प्रासंगिता की बताया शिविर में हेमंत कुमार और रजनी सोलंकी सहयोगी शिक्षक है।

## ट्रेन में अवैध रूप से टिकट जांच कर रहा व्यक्ति आरपीएफ के सुपुर्द

राजस्थान दर्शन

**जोधपुर।** ट्रेन में अवैध रूप से यात्रियों के टिकट जांच कर रहे एक व्यक्ति को टीटीई की सतर्कता से पकड़कर आरपीएफ के हवाले कर दिया गया। जोधपुर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि गुरुवार को ट्रेन संख्या 12250 जैसलमेर-शकूरबस्ती एक्सप्रेस में कुचामन-जयपुर स्टेशनों के बीच एक व्यक्ति कोच संख्या एस-6 तथा एक सामान्य डिब्बे में यात्रियों के टिकट जांच करता मिला। बिना वर्दी टिकट जांच करते देख यात्रियों को उस पर संदेह हुआ और इसकी सूचना टीटीई जगदीश पाल को दी गई। सूचना मिलने पर टीटीई ने जनरल डिब्बे में पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। यात्रियों की शिकायत पर झुंझुनू निवासी राजेश कुमार को जयपुर आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ मामले की जांच कर रही है।

## राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत 30 मई को जोधपुर प्रवास पर रहेंगे

### दुर्गादास राठौड़ पेनोरमा की प्रदर्शन योग्य सामग्री एवं आगामी कार्ययोजना पर करेंगे विचार-विमर्श

राजस्थान दर्शन

**जोधपुर, ।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत शनिवार, 30 मई को जोधपुर प्रवास पर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लखावत दोपहर 1 बजे जोधपुर पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे सर्किट हाउस जाएंगे तथा मसूरिया पहाड़ी स्थित निर्माणाधीन श्री दुर्गादास राठौड़ पेनोरमा का अवलोकन करेंगे। इस दौरान वे पेनोरमा की प्रदर्शन योग्य सामग्री पर विचार-विमर्श कर आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस, जोधपुर में करेंगे। रविवार, 31 मई को प्रातः 8 बजे श्री लखावत चौपासनी चारणान पहुंचकर महिला शिक्षा विषयक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार 5 जून को आएंगे जोधपुर

राजस्थान दर्शन

**जोधपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार 5 जून को जोधपुर प्रवास पर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. अजय कुमार शुक्रवार, 5 जून को दोपहर 2:45 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे शनिवार, 6 जून को दोपहर 2:30 बजे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), जोधपुर में आयोजित 12वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। प्रवास के उपरांत डॉ. अजय कुमार रविवार, 7 जून को दोपहर 3:30 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कुंभलगढ़ पुलिस ने 9 साल से फरार मुख्य आरोपी को दबोचा

राजस्थान दर्शन

**कुंभलगढ़।** कुंभलगढ़ क्षेत्र में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के चर्चित मामले में केलवाड़ा थाना पुलिस ने करीब 9 वर्षों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश करवाने और बाद में धोखाधड़ी करने का आरोप है। थाना अधिकारी मनमंथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर रहे एएसआई रोशनलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी लोकेश उर्फ आकाश उर्फ सचिन टांक को उदयपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार किया। आरोपी प्रतापगढ़ जिले का निवासी है और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित सहयोगियों की जानकारी जुटा रही है। कुंभलगढ़ क्षेत्र के लोगों से निवेश के नाम पर करीब 3 करोड़ 72 लाख रुपये धोखाधड़ी पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी लोगों को आकर्षक निवेश योजनाओं का लालच देता था। वह कम समय में अधिक मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाकर लोगों से बड़ी रकम निवेश करवाता था। बाद में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी कर उनकी जमा पूंजी हड़प ली गई। इस मामले में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग ठगी का शिकार हुए थे, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। केलवाड़ा निवासी पन्नालाल वैष्णव और गुंदी निवासी गणेशलाल भील ने केलवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कंपनी से जुड़े एजेंटों ने कुंभलगढ़ क्षेत्र के लोगों से निवेश के नाम पर करीब 3 करोड़ 72 लाख रुपये जमा करवाए और बाद में रकम लेकर गायब हो गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## मेड़ता रोड-रतनगढ़ रेल सेवा के नियमित संचालन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम : महिमा

राजस्थान दर्शन

**राजसमंद।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने भारतीय रेलवे द्वारा मेड़ता रोड-रतनगढ़-मेड़ता रोड स्पेशल रेल सेवा को नियमित रेल सेवा के रूप में संचालित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जन-आकांक्षाओं की पूर्ति बताया है। सांसद मेवाड़ ने कहा कि 1 जून से ट्रेन मेड़ता रोड-रतनगढ-मेड़ता रोड डेमू रेल सेवा प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित होगी। इससे नागौर, मेड़ता, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ सहित पूरे क्षेत्र के यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों एवं नौकरीपेशा लोगों को आवागमन में विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारतीय रेलवे की बढ़ती क्षमता, आधुनिक अधोसंरचना एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# मुंडारा चामुंडा माताजी मंदिर की 24वीं वर्षगांठ धूमधाम से सम्पन्न

### शिखर पर चढ़ाई ध्वजा, शोभायात्रा निकली, भजन संध्या में उमड़ा भक्तों का सैलाब, 42 यूनिट रक्तदान

राजस्थान दर्शन



**बाली** पाली मुंडारा स्थित चामुंडा माताजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना की 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दो दिवसीय समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाने, शोभायात्रा, भजन संध्या, महाप्रसादी एवं रक्तदान शिविर सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। समारोह राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के सान्निध्य तथा लाभार्थी कलाराम सोयल, भंवरीबाई जाणुंदा परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित किया गया। फले चुंदड़ी ओढ़ाकर दिया महाप्रसादी का न्यौता समारोह के तहत सोयल परिवार ने तारावेश्वर महादेव मंदिर चौक से गाजे-बाजे एवं मंगलगीतों के साथ शोभायात्रा निकाली। गणपति, चामुंडा माता, तारावेश्वर महादेव एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर पीपल वृक्ष पर चुंदड़ी ओढ़ाई गई तथा छत्तीस वर्ण समाज को महाप्रसादी का आमंत्रण दिया गया। शोभायात्रा में ग्रामीण डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए जयकारों के साथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान गेर नृत्य कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

### मंदिर शिखर पर चढ़ाई ध्वजा

वर्षगांठ अवसर पर स्वर्गीय मदनलाल सोलंकी लुहार परिवार ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई। जयकारों और ढोल-नगाड़ों के बीच हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भजन संध्या में गूंजे भक्तिमय स्वर

रात्रि में आयोजित भजन संध्या में गायक शंकर टांक, मधुबाला राव एवं नरेश राव ने गणपति वंदना, चामुंडा माता, खेतलाजी, महादेव, बाबा रामदेव, राम एवं हनुमानजी सहित विभिन्न देवी-देवताओं के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। वहीं नृत्यांगना लवलीसिंह राजपुरोहित, ममता भारती एवं टीना प्रजापत ने धार्मिक झांकियों एवं नृत्य प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन प्रवीण वैष्णव एवं प्रकाश मेवाड़ा ने किया। 21 गांवों के लोगों ने लिया महाप्रसादी का लाभ दो दिवसीय आयोजन के दौरान महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें मुंडारा सहित आसपास के 21 गांवों के छत्तीस वर्ण समाज के लोगों एवं ग्रामीणों ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में सिरोही जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पाली उप जिला प्रमुख डॉ. जगदीश चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भी शिरकत की।

### रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रह

वर्षगांठ समारोह के तहत मंदिर परिसर में वर्धन ब्लड सेंटर सुमेरपुर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 महिला एवं पुरुष रक्तदाताओं ने 42 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में दिनेशकुमार चौधरी, सुरेशकुमार चौधरी, दिलीप सेन, श्रीराम सोनी, भरत चौधरी, रेणु शर्मा एवं अर्जुन चौधरी सहित कई कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दीं। अतिथियों एवं सहयोगियों का किया सम्मान समारोह में सोयल परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों, साधु-संतों, पुजारियों एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं का साफा, शॉल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गणपति मंडल, तारावेश्वर महादेव मंडल, चामुंडा माता नवयुवक मंडल, शिवशक्ति मंडल एवं ग्राम पंचायत प्रशासन का सहयोग रहा।

**वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026**

## रामदेवरा में राम सरोवर तालाब पर आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम, जल संरक्षण का दिया गया संदेश

राजस्थान दर्शन




**जैसलमेर,।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति सांकड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामदेवरा में स्थित ऐतिहासिक राम सरोवर तालाब पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय से मनोनीत प्रतिनिधि निकिता मेहरा, पंचायत समिति सांकड़ा के विकास अधिकारी हनुमानराम तथा रामदेवरा सरपंच समंदरसिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, ग्रामीणजन, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जल बचाने, जल स्रोतों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प करवाया गया। ग्रामीणों एवं महिलाओं ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के माध्यम से जल बचाओ, पर्यावरण बचाओ एवं जन-जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया।

**गिरल लिग्नाइट माइंस आंदोलन का 25वां दिन**

## श्रमिकों के साथ धरनास्थल पर डटे रहे शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, बोले - 'मजदूरों के हक की लड़ाई को कमजोर नहीं पड़ने देंगे

राजस्थान दर्शन

**बाड़मेर।** जिले के गिरल लिग्नाइट माइंस के सामने स्थानीय श्रमिकों और ग्रामीणों के अधिकारों को लेकर चल रहे आंदोलन में शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी को धरनास्थल पर बैठे हुए 25 दिन पूरे हो गए हैं। वहीं श्रमिकों का आंदोलन भी लगातार आगे बढ़ रहा है और क्षेत्र में यह संघर्ष अब मजदूर अधिकारों की सबसे बड़ी आवाज बनता जा रहा है। पिछले 25 दिनों से शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी लगातार धरनास्थल पर मौजूद हैं और श्रमिकों के साथ ही रात्रि विश्राम कर रहे हैं। भीषण गर्मी, धूलभरी आंधियों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद भाटी लगातार आंदोलनकारियों के बीच डटे हुए हैं। धरनास्थल पर ही वे श्रमिकों से संवाद कर रहे हैं, जनसुनवाई कर रहे हैं तथा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान भी कर रहे हैं। धरनास्थल से मीडिया से बातचीत करते हुए शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि यह केवल कुछ श्रमिकों की नौकरी का मामला नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से गिरल लिग्नाइट माइंस से जुड़े मजदूरों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया गया, जिसके कारण आज उन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना पड़ा है। भाटी ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में भी कई बार गिरल लिग्नाइट माइंस और यहां कार्यरत श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को उठाया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं, स्थानीय युवाओं के रोजगार, सुरक्षा मानकों और श्रम कानूनों के पालन को लेकर लगातार सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन संतोषजनक समाधान अब तक सामने नहीं आया है। उन्होने कहा, 'जिन लोगों ने मुझे चुनकर विधानसभा में भेजा है, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना मेरा कर्तव्य है। मैं अपने क्षेत्र के मजदूरों, किसानों, युवाओं और आमजन के लिए अंतिम सांस तक मैदान में खड़ा रहूंगा। यह संघर्ष किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि न्याय और अधिकारों का संघर्ष है।' शिव विधायक ने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है, लेकिन यदि समय रहते श्रमिकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार की जा रही है और विभिन्न स्तरों पर श्रमिक संगठनों, ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है। यदि सरकार और संबंधित एजेंसियों द्वारा मजदूरों की मांगों की लगातार अनदेखी की गई तो आने वाले दिनों में इससे भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। भाटी ने कहा कि श्रमिकों की प्रमुख मांगों में निकाले गए कर्मचारियों की पुनर्बहाली, श्रम कानूनों के अनुरूप कार्य परिस्थितियां, स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता, सुरक्षा मानकों का पालन तथा श्रमिकों को उनका वैधानिक अधिकार दिलाना शामिल है। धरनास्थल पर मौजूद श्रमिकों ने भी एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगातार लोगों का समर्थन भी आंदोलन को मिल रहा है। गिरल लिग्नाइट माइंस के सामने जारी यह आंदोलन अब केवल श्रमिकों का धरना नहीं रह गया है, बल्कि स्थानीय अधिकारों, रोजगार सुरक्षा और मजदूर सम्मान की लड़ाई का प्रतीक बन चुका है। आंदोलन के 25वें दिन भी श्रमिकों का उत्साह और संकल्प पहले की तरह मजबूत दिखाई दिया तथा आंदोलनकारियों ने साफ संदेश दिया कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

## शहर की समस्याओं को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

राजस्थान दर्शन

**बाड़मेर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की तरफ से बाड़मेर शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंधित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाध्यक्ष महावीर बोहरा एवं प्रदेश सचिव नरेश देव सारण के नेतृत्व में नगर परिषद आयुक्त को दिया । सोहनलाल मंसूरिया गोविंद भील, दिनेश भंसाली ,मेघराज खत्री ,जगदीश कुमार, नीरज जोशी ,मुल्तान सिंह, पदम माली भी उपस्थित रहे और सभी ने समस्याओं के समाधान हेतु अपनी बात रखी । ज्ञापन में बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चरमराई हुई है उसको दुरस्त करने की सख्त जरूरत है ।सफाई कर्मचारी की संख्या बढ़ाई जाय एवं उनके कार्य का और उनकी उपस्थिति का निरीक्षण करवाया जाए। शहर का कचरा निस्तारण प्वाइंट जिसकी वजह से वहां के वाशिंदों का जीना दूभर हो रखा है क्योंकि हमारी मशीनरी वहां पर सही तरीके एवं समय से काम नहीं कर रही है । शहर में आवारा पशुओं की वजह से आम नागरिक असुरक्षित महसूस करता है । गाय बैल एवं कुत्तों की समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है । जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसलिए आमजन सुरक्षित रहे है उसके लिए गाय एवं बैल को नंदी शाला भिजवाए एवं कुत्तों के लिए डॉग केज की भी व्यवस्था करने की जरूरत है । शहर में मृत पशु को उठाने एवं उचित जगह दिलवा कर दफनाने की भी व्यवस्था नगर परिषद द्वारा करवाई जाय । इसके लिए आमजन को तीन से चार हजार देने पड़ रहे है । शहर में सीवरेज का कार्य द्वारा चल रहा है परंतु न तो वह समय पर काम कर रहे है और नहीं सही लेवल से और माप से कर रहे है । आखिर में यह कार्य देखना तो नगर परिषद को है तो उससे पहले ही चेक करें एवं गलत हुए कार्य को सही करवाएं क्योंकि बाद में परिषद को खर्चा करके पुनः करवाना पड़ेगा जबकि को इसी काम के लिए करोड़ों का भुगतान करना ही है । शहर की मुख्य रोड की सफाई के लिए विशेष अभियान के तहत कार्य करवाने की जरूरत है । चौहटन चौराहे से सिणधरी चौराहे तक सड़क की सफाई व्यवस्था दुरस्त करवाने की जरूरत है इसी के साथ ओवरब्रिज की सफाई भी समय समय पर करवाने की भी जरूरत है । शहर के मुख्य बाग बगीचों की देखभाल एवं राख रखाव भी अभी कोई ढंग से नहीं कर रहा है जिसके कारण उन उद्यानों का आमजन को फायदा नहीं मिल रहा है । महावीर नगर का पार्क महावीर पार्क शमसान घाट का पार्क सोन नाडी के पास बना पार्क भी सूखा पड़ा है जिसकी बागवानी करवाने की कृपा करवाएं । शहर श्मशान घाट के पास बने सार्वजनिक स्नानघर का भवन पूरी तरीके से जर्जर हो रखा है जिसकी वजह से मैयत में जाने वाले लोगों को नहाने की व्यवस्था नहीं मिल रही है । आपसे आग्रह है कि इस संबंध में जरूरी कार्यवाही करवाए । श्री वृद्धि चंद जैन बस स्टैंड में बनी खाली पड़ी दुकान एवं होटल का टेंडर करके आवंटन करवाने का आदेश करवाए जिससे परिषद की आय बढ़े एवं भवन भी जर्जर होने से बच सके। जिला कांग्रेस कार्यालय के पास बड़ा नाला चलता है जो कि आधा टूटा हुआ पड़ा है । अब वहां आमजन का आना जाना रहता है । यदि रात्रि में कोई आवे और ध्यान चूक जाय तो दुर्घटना होने की पूरी संभावना रहती है । । नगर परिषद आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि सारी मांगों पर ध्यान दिया जाएगा एवं कुछ कार्य शूरु हो चुके है और कुछ आने वाले दिनों में करेंगे ।

## राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद के पांचवें संस्करण का आयोजन कल

### 10वीं-12वीं बॉर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अधिक अर्जित करने वाली प्रतिभाओं का होगा सम्मान



राजस्थान दर्शन

**राजसमंद।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के सेवाभावी विचारों को किरण माहेश्वरी स्मृति मंच जनसेवा के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में प्रतिभा सम्मान समारोह राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद के पांचवें संस्करण का आयोजन रविवार को राजनगर स्थित भिक्षु निलयम में अपराह्न 4 बजे होगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि स्व किरण माहेश्वरी सदैव शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मूल आधार मानती थीं। उनके इसी दृष्टिकोण को साकार करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी के नेतृत्व में इस आयोजन की शुरुआत हुई। इस वर्ष माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 1 हजार 500 विद्यार्थियों को किरण माहेश्वरी उत्कृष्टता सम्मान से नवाजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में मात्र 360 विद्यार्थियों से शुरू हुआ यह सफर अब 1 हजार 500 के आंकड़े को पार कर गया है, जो जिले में बढ़ती शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा का प्रमाण है। शिक्षा के प्रति सामाजिक क्रांति समारोह की जानकारी देते हुए किरण माहेश्वरी स्मृति मंच संयोजिका व विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने बताया कि यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि राजसमंद की नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का उत्सव है। स्मृति मंच द्वारा विगत पांच वर्षों से शिक्षा, पर्यावरण और जनसेवा के क्षेत्र में कार्य कर युवाओं को सकारात्मक दिशा दी जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और नागरिकों से इस गौरवमयी आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक नया मंच प्रदान करेगा।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान के द्वितीय चरण को लेकर संपन्न हुई जिला स्तरीय बैठक

### गो सम्मान अभियान को मिला जनसमर्थन : 5.51 लाख हस्ताक्षरों से इतिहास रचने का संकल्प

राजस्थान दर्शन






**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित बालकृष्ण विद्या भवन स्कूल परिसर में गुरुवार रात्रि को गो सम्मान आव्हान अभियान के द्वितीय चरण को लेकर जिला स्तरीय बैठक राजस्थान गौ सेवा समिति जयपुर शाखा राजसमंद के जिलाध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता और गौ संत स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में गो संरक्षण एवं गो संवर्धन को लेकर व्यापक चर्चा करते हुए अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया गया। इस दौरान मौजूद सभी गोसेवकों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि जिले से 5 लाख 51 हजार हस्ताक्षर युक् पत्र एकत्रित कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि गोमाता संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें। अध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित ने 27 अप्रेल 2026 को हुए प्रथम चरण तहसील स्तर की सफलता की जानकारी देते हुए आगामी 27 जुलाई 2026 को जिला स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा व तैयारी करने की विस्तृत जानकारी दी। संत स्वामी गोपालानंद ने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, धर्म और आस्था की आधारशिला है। गौसेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग यदि गो संरक्षण के लिए आगे आए तो यह अभियान व्यापक जनजागरण का रूप ले सकता है। संत ने कहा कि जब समाज संगठित होकर किसी उद्देश्य के लिए कार्य करता है, तो बड़े परिवर्तन संभव होते हैं। गांव-गांव एवं घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोडने् तथा हस्ताक्षर करवाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल हस्ताक्षर अभियान नहीं, बल्कि गोसेवा के प्रति समाज में जागृति लाने का महाअभियान है।

### अभियान को प्रत्येक गांव व घर-घर तक पहुंचाने का आव्हान

गौ सम्मान आव्हान अभियान के प्रांत प्रचारक बहादुर सिंह ने जिला व तहसील प्रचारकों को अभियान को प्रत्येक गांव व घर-घर तक पहुंचाने व हस्ताक्षर पत्रक पर हस्ताक्षर कराने की विस्तृत कार्ययोजना बताई। बैठक में प्रदेश गो प्रचारक बहादुर सिंह गुर्जर, संभाग गो प्रचारक राधेश्याम और जिला गौ सेवा समिति अध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि गो संरक्षण भारतीय संस्कृति एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है, जिसके लिए समाज को संगठित होकर आगे आना होगा। जगन्नाथ गोपाल गौशाला व्यवस्था समिति सरदारगढ़ मंत्री बाबूलाल बाबेल ने बताया कि जिलेभर से आए गोसेवकों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि आगामी 27 जुलाई को आयोजित विशेष कार्यक्रम में 5.51 लाख हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर इतिहास रचा जाएगा। बैठक में संत सन्तोष दास, संत मोहनदास वगतपुरा गौशाला, गौ भक्त जगदीश लढढा, मधुसूदन व्यास, भगवतीलाल अजमेरा, ओमप्रकाश मंत्री, जिला मंत्री सुशील बडाला, मुरलीघर तोषनीवाल, सुन्दरलाल विजयवर्गीय, जितेंद्र लड्ढा, आदित्य शर्मा, मनीष पुरोहित, गोरव खींची, बंसीलाल रांका, अर्जुन सोनी, परसराम तेली, नानाराम तेली, अर्जुन सोनी, राधेश्याम साहु, बहादुरसिंह, अशोक कुमावत, अविनाश तेली, रतनसिंह चौहान, कमलेन्द्र सिंह, गणेश वैष्णव, धर्मू गुर्जर, गोपाल उपाध्याय, भभूत सिंह कितावत, जमनालाल माली, रामचंद्र गुर्जर, धर्मचंद गुर्जर, ऋषि जैन, शिवलाल कीर, सुरेश कुमावत, कंचन देवी, किरण जोशी, चंदा देवी, राधिका तेली, सीता देवी, मिठालाल तेली, गजेंद्र मालवीया सहित जिलेभर के गोभक्त मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी राव संजय सिंह के लिए क्रैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, सी- 565- सी, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड, जयपुर- 302013 (राजस्थान) से मुद्रित एवं ए-11, प्रथम मंजिल, करधनी शोपिंग सेंटर, हरीमार्ग, मालवीय नगर, जयपुर- 302017 से प्रकाशित।
संपादकः कमलेश सिंह, एच- 6, नंदपुरी कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर- 302017, फोन न- 0141-48199557 मो. 9166693566 E-mail rdnewsjaipur@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ( पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)

## ब्रीफ न्यूज

### सरणी नदी को स्वच्छ बनाने उतरे समाजजन व प्रशासन एक मैदान पर




● राजस्थान दर्शन

**सलूम्बर।** सलूम्बर में सरणी नदी को स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन और समाज एक साथ मैदान में उतर आए हैं। शुक्रवार को जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनेद ने सरणी नदी पर बने वेशमा फीडर क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई अभियान की शुरुआत की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण समिति और दाऊदी बोहरा समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर जुनेद ने खुद नदी क्षेत्र में सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरणी नदी केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि सलूम्बर की पहचान है। इसे साफ और निर्मल बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सामाजिक संगठनों, युवाओं और आमजन से अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही 'क्लीन एंड ग्रीन सलूम्बर' का सपना साकार होगा। अभियान के दौरान कलेक्टर ने दाऊदी बोहरा समाज के आमीन साहब से क्षेत्र में छोटा क्लिनिक शुरू करने का आग्रह भी किया, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। पर्यावरण संरक्षण समिति के एडवोकेट राम भरोसे पुरोहित ने बताया कि श्रमदान में दाऊदी बोहरा society के शब्बीर नोमानी, सैफुद्दीन पायरा, युसूफ कपड़ा और अली लोकन सहित कई सदस्य मौजूद रहे। वहीं समिति की ओर से प्रहलाद पटेल, विमल कुमार आमेटा, विष्णु सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक श्रमदान अभियान ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ प्रशासन और समाज की साझेदारी की मिसाल भी पेश की।

### वस्त्रनगरी में श्रमिकों का फूटा आक्रोश, सिल्वर फैब मालिक का पुतला दहन, बकाया भुगतान की उठी मांग




● राजस्थान दर्शन

**भीलवाड़ा।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में रीको चर्तुथ फेज स्थित सिल्वर फैब प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ श्रमिकों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आया। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) के बैनर तले बड़ी संख्या में मजदूरों ने मुखर्जी पार्क से विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा फैक्ट्री मालिक संपत चौरड़िया का पुतला दहन कर विरोध जताया। सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवानीने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने बिना किसी युक्तियुक्त कारण के श्रमिकों को सेवा से पृथक कर दिया है। इसके अलावा, मजदूरों के ओवरटाइम, ग्रेच्युटी, बोनस और पीएल (अर्जित अवकाश) जैसी न्यायसंगत राशि का भुगतान भी दबाकर रखा गया है। पीड़ित श्रमिकों ने इस संबंध में पहले उप श्रम आयुक्त से शिकायत की थी, लेकिन वहां कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर आज मजबूरन उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान टेक्सटाइल यूनियन के अध्यक्ष सोनू शर्मा, उपाध्यक्ष सद्दाम, करण सिंह, गणेश गहलोत, मोतीलाल और पीड़ित श्रमिक देवराज सिंह, देवीलाल, सत्येंद्र, लादी देवी व जोहराबानू सहित सैकड़ों मजदूरों ने मालिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि सिल्वर फैब के मालिक से श्रमिकों के समस्त बकाए का तुरंत भुगतान करवाया जाए। साथ ही, टेक्सटाइल क्षेत्र की अन्य मिलों में भी श्रमिकों से कराए जा रहे जबरन और बिना भुगतान वाले ओवरटाइम पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### नरेगा मजदूरों के हक में 12 किमी पैदल चले समाजसेवी रामलाल मीणा

● राजस्थान दर्शन



**झल्लारा।** नरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी में आ रही तकनीकी समस्याओं और क्षेत्र की जर्जर सड़कों के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों और मजदूरों का आक्रोश सामने आया। समाजसेवी रामलाल मीणा के नेतृत्व में दर्जनों मजदूरों ने मानपुर से झल्लारा तक करीब 12 किलोमीटर पैदल मार्च निकालकर विरोध जताया। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच मजदूर नारेबाजी करते हुए झल्लारा विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिला कलेक्टर सलूंबर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) यानी ऑनलाइन हाजिरी ऐप में लगातार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। सर्वर डाउन रहने और नेटवर्क समस्या के कारण कई बार कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती, जिससे उन्हें मजदूरी से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक तकनीकी खामियां पूरी तरह दूर नहीं होतीं, तब तक हाजिरी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए ताकि गरीब मजदूरों की मेहनत बेकार न जाए। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों के डामरीकरण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। समाजसेवी रामलाल मीणा ने डीएमएफटी फंड के तहत कुंडल घाटी से छानी फला तक 2 किलोमीटर, हंदीफला से पनवा फला तक साढ़े तीन किलोमीटर तथा कारटिया से पिपलपानी तक 4 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण की स्वीकृति जारी करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इन मार्गों की हालत बेहद खराब है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में कई बस्तियों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाता है। झल्लारा विकास अधिकारी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ऑनलाइन हाजिरी की समस्या से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही डीएमएफटी के तहत सड़क निर्माण प्रस्तावों को जिला कलेक्टर के समक्ष भेजकर जल्द कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा। पैदल मार्च और ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में नरेगा मजदूर, पंच-पटेल और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

---

**आरएनयू ने जिला कलेक्टर जसमीत संधू सहित सांसद, भीलवाड़ा विधायक, मांडलगढ़ विधायक, पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन**

# पीड़ित मानवता के प्रहरियों को पद बचाने के लिए लगानी पड़ रही है दौड़

**जिला कलेक्टरी में फूटा नर्सिंग कर्मचारियों का दर्द, कई महिला कर्मचारी रो पड़ीं**

राजस्थान दर्शन

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले नर्सिंग कर्मचारियों को आज अपने पद और अधिकार बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को उस समय भावुक माहौल बन गया, जब लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत नर्सिंग कर्मचारियों को अपने पद बचाने के लिए जिला कलेक्टरी के चक्कर लगाने पड़े। अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर पहुंचे कर्मचारियों में कई महिला नर्सिंग कर्मी भावुक होकर रो पड़ीं। उनका कहना था कि वर्षों से मरीजों की सेवा करने के बावजूद आज उन्हें अपने भविष्य और रोजगार को लेकर असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहने वाले नर्सिंग कार्मिक अब प्रशासनिक विसंगतियों और भर्ती संबंधी समस्याओं के कारण सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। राजस्थान नर्सेज़ यूनियन जिला अध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में 83 नर्सेंज ने अपने विलोपित पदों से त्रस्त होकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर जसमीत संधू सहित सांसद, भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी, मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल, पूर्व विधायक विठलशंकर अवस्थी को ज्ञापन सौपा। यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया की राजमेस ने 7 मेडिकल कॉलेज में 1267 पदों को विलोपित कर दिया है जिसमें भीलवाड़ा में 83 नर्सिंग ऑफिसर के पद समाप्त कर दिए गए हैं जो की पिछले 9 वर्षों से लगातार महात्मा गांधी चिकित्सालय में पूर्ण दक्षता से गंभीर मरीजों की सेवा कर रहे है उन पर अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं अतः के अनुभव को देखते हुए जल्दी से जल्द इन पदों का जिले मे ही समायोजित करते हुए या पुनर्सृजित करते हुए हमें राहत प्रदान करे। गिरिराज लढा ने बताया की ज्ञापन में मांग की गई की कोरोना काल के समय में मिले सम्मान के पत्र अब आंसुओ की भेंट चढ़ने को है जिन्हे बचा लीजिये। नर्सिंग कर्मचारियों फूट फुट कर रो पड़े की 9 साल पहले घर और घर के पास के बीच से हमें भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए यहाँ लगाया गया और अब उसमे आवश्यकता होने स्टाफ की कमी होने के बाद भी पद विलोपित होने की वजह से बाहर जाना पड़ेगा जो बिलकुल न्यायोचित नहीं है जिस पर सहानुभूति दिखाते हुवे जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजने का आश्वासन दिया। महात्मा गाँधी के नर्सेज ने






सांसद जन सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी पीड़ा को रखा ज्ञापन के रूप में जहाँ सांसद ने पूर्ण रूप से आश्वास्त किया की मै आपके पक्ष में हु और पुरे प्रयास करूँगा की आप सब यहाँ यही कार्यरत रहे। उन्होंने मोके पर ही प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा अशोक सिंह राठौड़ को फोन कर उचित मार्गदशन दिए। ज्ञापन देने वालो में ललित जीनगर, करण सिंह सिसोदिया, दिनेश खटीक, अनीता चौधरी, विमला व्यास, सुनील व्यास, विनोद सोनी, मनोज धाकड़, लाड कंवर, पिंकी खटीक, अनीता खोईवाल, जगदीश, गोविन्द सुखवाल, मोहम्मद इमरान, इक़बाल, सत्यनारायण, अशोक, प्रमोद भड़गा, अन्नू खटीक, अंतिम बाला. नवनीत त्रिपाठी, ममता बडेला, लीला माली, नीलिमा गोस्वामी, नीलिमा सिखवाल, विनोद वर्मा, आसिफ मोहम्मद, मेना धाकड़, अन्नू खटीक, कमला पहाड़िया, मुरली जीनगर, हँसा सेन, प्रेम रेगर, अन्नू कवर राठौर सहित कई नर्सेंज उपस्थित थे।

## पंचमुखी श्मशान में नौतपा की तपन के बीच हो रहा 9 दिवसीय पंच धुना अग्नि तप

राजस्थान दर्शन



**भीलवाड़ा।** भीषण गर्मी और नौतपा की तेज तपन के बीच शहर के पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में 9 दिवसीय पंच धुना अग्नि तप हो रहा है। मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी द्वारा किए जा रहे इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य देश में सुख-शांति, किसानों की समृद्धि, अच्छी फसल, जगत कल्याण तथा मानसून में अच्छी बारिश की कामना करना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नौतपा के दौरान सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने से उनकी किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं, जिससे गर्मी और तपन अत्यधिक बढ़ जाती है। इसी तपन को कम करने तथा जीव-जंतुओं और मानव जीवन को राहत प्रदान करने की भावना से संत-महात्मा पंच धुना अग्नि तप करते हैं। पंच धुना अग्नि तप के तहत पांच दिशाओं में कंडों से धूने जलाए जाते हैं और उनके मध्य बैठकर संत साधना व ध्यान करते हैं। मंदिर परिसर में चल रहे इस दुर्लभ धार्मिक अनुष्ठान को देखने और आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में नौतपा की शुरुआत के साथ ही 9 दिनों तक पंच धुना अग्नि तप किया जा रहा है। यह तप भारत में सुख-शांति, किसानों की अच्छी फसल, जगत कल्याण और मानसून में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर किया जाता है। श्रद्धालु गौरव ने बताया कि उन्होंने साधु-संतों द्वारा अग्नि के बीच बैठकर तपस्या करने के बारे में सुना जरूर था, लेकिन पहली बार इसे अपनी आंखों के सामने देखा है। यह दृश्य बेहद अद्भुत और आस्था से भर देने वाला है। वहीं मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि पंच धुना तप के दर्शन के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## बिजली कटौती और महंगाई के विरोध में ज्ञापन

**पेयजल संकट दूर करने की मांग, आंदोलन की चेतावनी**

राजस्थान दर्शन



**झल्लारा।** सलूम्बर जिले में अघोषित बिजली कटौती, बढ़ती महंगाई और पेयजल संकट को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। ज्ञापन उपखंड अधिकारी झल्लारा (तहसीलदार) डॉ. मयूर शर्मा को दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले पांच से सात दिनों से जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती हो रही है। कई गांवों में बार-बार लाइन ट्रिप होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भीषण गर्मी में बिजली नहीं रहने से आमजन के साथ पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। ट्यूबवेल बंद रहने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार विद्युत विभाग और प्रशासन को समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बिजली आपूर्ति सुचारू करने और अघोषित कटौती पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई गई। कहा गया कि महंगाई से आमजन का घरेलू बजट बिगड़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस और ईंधन की अनियमित उपलब्धता के कारण लोग फिर से लकड़ी और कोयले का उपयोग करने को मजबूर हैं। पेयजल संकट का मुद्दा उठाते हुए बताया गया कि कई गांवों में स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो रहा। लोग नदी-नालों का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। पशुओं के लिए भी पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण चिंतित हैं। यह ज्ञापन लसाडिया-झल्लारा ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनार सिंह, जिला महासचिव किशोर सिंह, सचिव रामलाल मानपुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, महिलाएं और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला काग्रेस जिलाध्यक्ष ने मंत्री दक को बर्खास्त करने की मांग की

राजस्थान दर्शन

**बेगूँ।** राजस्थान सरकार के मंत्री गौतम दक के ओडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस की चित्तौड़गढ़ महिला विंग ने भी मंत्री दक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस महिला कमेटी चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष यशोदा पुरोहित ने राजस्थान सरकार से सहकारिता मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर डाली है। उन्होंने लेटरहेड पर उनके द्वारा बोले गये शब्दों को अमर्यादित, असंसदीय बताया है. पुरोहित ने महिलाओं के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग महिला शक्ति का अपमान बताते हुये राजस्थान सरकार से उनकी बर्खास्तगी या इस्तीफा लेने की मांग की है।



'राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक द्वारा महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का ऑडियो वायरल हुआ है जिसकी मैं घोर निंदा करते हुवे मंत्री को बर्खास्त करने की की मांग करती हूं। सभ्य समाज मे और सार्वजनिक जीवन मे उच्च पद पर रहते हुवे इस प्रकार महिलाओं का अपमान करना कतई बर्दाश्त नही किया जा सकता है। इससे अपने आप को संस्कारवान कहने वाली बीजेपी पार्टी की और इनके मंत्री की निकृष्ट सोच प्रदर्शित होती है। मैं चित्तौड़गढ़ जिले की जिलाध्यक्ष महिला कॉग्रेस कमेटी होने के इस गालीबाज मंत्री के ऐसे कृत्य की भर्तसना करती हूं और मुख्यमंत्री से माँग करती हूं कि इससे इस्तीफ़ा लिया जाना चाहिए।'

**श्रीमती यशोदा पुरोहित,**
**जिलाध्यक्ष, महिला कांग्रेस कमेटी चित्तौड़गढ़।**

## ज्वैलर्स की दुकान से सोने के आभूषण चोरी प्रकरण का खुलासा वांछित अपराधी गिरफ्तार

राजस्थान दर्शन

**निंबाहेड़ा।** कोतवाली थाना पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान से सोने के असली आभूषण चोरी कर उनकी जगह नकली आभूषण रखने वाले शातिर आरोपी प्रकाश बावरी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई सोने की बालियां तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल है तथा उसके विरुद्ध पूर्व में चोरी, आभूषण चोरी, लूट, चोरी का माल रखने, मारपीट एवं रास्ता रोकने जैसे कुल 9 आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि 20 नवंबर 2025 को प्रार्थी सचिन सोनी निवासी डाक बंगला रोड निम्बाहेडा ने रिपोर्ट दी कि हमारे पुश्तैनी सोने चांदी का काम है जो वर्तमान में हमारी दुकान डाक बंगला रोड पर स्थित है हमारी दुकान पर एक ग्राहक अपनी पत्नि के साथ आया जिसने अपना नाम प्रकाश बावरी निवासी चंगेडी बताया दुकान पर आते ही बोला की हमे कान की बालिया खरीदनी है जिस पर मेरे बडे पापा ने बालियां का बॉक्स उक्त व्यक्ति व महिला के सामने दिखाने के लिये रखा जिसके बाद प्रकाश बावरी व उसकी पत्नी ने बातो ही बातो में बालियो के डिब्बे से सोनी की एक बाली वजन 3 ग्राम को अपने कपडो में डाल दी एवं एक नकली बाली उस डिब्बे में रख दी और उक्त दोनो दुकान से सोने की बाली को चुरा कर लेकर चले गये। जिसके बाद हमने डिब्बे को देखा तो सोने की बाली की जगह से नकली बाली डिब्बे में मिली थी। हमने हमारी दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को लोगो से पहचान करवाई तो उक्त व्यक्ति प्रकाश बावरी निवासी चंगेडी व उसकी पत्नि के होना बताया। मामले में दर्ज रिपोर्ट पर एएसआई देवेन्द्र सिंह मय जाप्ता कानि.राजुसिंह, धर्मेन्द्र कुमार की गठीत टीम ने टॉप-10 में वांछित अभियुक्त प्रकाश बाबरी पिता स्वर्गीय उदय लाल जाति बावरी उम्र 30 साल निवासी चंगेडी निम्बाहेडा को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी का माल एक जोडी सोने की बालीया वजन 3.300 ग्राम मय घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल जप्त की गयी।

---

**जनविरोधी नीतियों से आमजन त्रस्त, महंगाई ने तोड़ी जनता की कमर : उदयलाल आंजना**

## पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राजस्थान दर्शन

**निंबाहेड़ा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी आर्थिक एवं विदेश नीति, लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं घरेलू रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों के विरोध में शुक्रवार को निंबाहेड़ा ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के पश्चात प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आमजन को राहत प्रदान करने की मांग की गई। निंबाहेड़ा ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार प्रातः 11 बजे आयोजित बढ़ती महँगाई के इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर गहरा रोष व्यक्त किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का जीवन अत्यंत कठिन बना दिया है। गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी एवं नौकरीपेशा वर्ग पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जबकि जनता की आय लगातार घटती जा रही है। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां पूरी तरह जनविरोधी साबित हो रही हैं। प्रदर्शन के दौरान क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ महासचिव यशपाल सिंह शक्तावत, जिला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सोलंकी,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन, जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों से जुड़े पदाधिकारीगण, आमजन एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।



# अफ्रीकन घोंघा नियंत्रण के लिए दिल्ली से पहुंची वैज्ञानिकों की टीम, बिछीवाड़ा में किया सर्वे

● राजस्थान दर्शन


**फलासिया।** उदयपुर जिले की फलासिया तहसील के ग्राम बिछीवाड़ा में पिछले तीन वर्षों से बढ़ती अफ्रीकन घोंघा समस्या के समाधान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों की टीम ने गुरुवार को सर्वे कर स्थिति का जायजा लिया। यह सर्वे कृषि विभाग राजस्थान सरकार की अनुशंसा एवं आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट के संज्ञान में आने के बाद किया गया। सर्वे दल में आईसीएआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. श्रवण मनभर हलधर एवं डॉ. शशांक, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ. श्रीधर लखावत, डॉ. हेमंत स्वामी तथा कृषि विभाग राजस्थान सरकार के कृषि अनुसंधान अधिकारी (कीट) डॉ. कुलदीप सुथार एवं कृषि अधिकारी गौरीशंकर शामिल रहे। पिछले 3 वर्षों से फसलों को कर रहा बर्बाद गांव के किसानों, महिलाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने टीम को बताया कि पिछले तीन वर्षों से अफ्रीकन घोंघे का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। गत वर्ष स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि सड़कों पर चलना और घरों में रहना तक मुश्किल हो गया था, वहीं खेतों की फसलें भी भारी नुकसान की चपेट में आ गई थीं।

### नदी, खेतों और घरों के आसपास किया सर्वे

सर्वे के दौरान वैज्ञानिकों ने गांव के विभिन्न स्थलों, नदी किनारों, खेतों, घरों और नालियों में बड़ी संख्या में घोंघों को सुषुप्त अवस्था में पाया। विशेषज्ञों ने बताया कि मानसून की पहली बारिश के साथ ये घोंघे सक्रिय होकर तेजी से फैल सकते हैं। यदि समय रहते प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो इस वर्ष समस्या और अधिक विकराल रूप ले सकती है। सर्वे के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट तत्काल विश्वविद्यालय एवं आईसीएआर को भेज दी है। निदेशक अनुसंधान डॉ. आर.एल. सोनी ने बताया कि रिपोर्ट राज्य सरकार एवं नई दिल्ली भेजी जाएगी, जहां से आर्थिक सहायता एवं आवश्यक रसायन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि संयुक्त प्रयासों से समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।

### 1500 रुपये किलो की दवा किसानों की पहुंच से बाहर

विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि अफ्रीकन घोंघे के नियंत्रण के लिए मेटाएलडीहाईड 2.5 प्रतिशत, फेरीक फॉस्फेट 2.94 प्रतिशत, कॉपर सल्फेट एवं कैल्सियम ऑक्साइड (क्वीकलाइम) का निर्धारित मात्रा में उपयोग करें। साथ ही खेतों की मेड़ों एवं नालियों में उगे खरपतवार हटाकर साफ-सफाई रखें, ताकि सुषुप्त अवस्था में मौजूद घोंघों को नष्ट किया जा सके। वैज्ञानिकों ने इसे सामाजिक मिशन मोड में नियंत्रित करने की अपील करते हुए कहा कि पूरे प्रभावित क्षेत्र के किसानों को सामूहिक रूप से अभियान चलाकर मानसून से पहले नियंत्रण कार्य शुरू करना होगा। किसानों ने बताया कि इसे खत्म करने के लिए करीब 1500 रुपये प्रति किलो की महंगी दवा आती है, जिसे खरीदना उनके लिए संभव नहीं है। इसको लेकर किसानों ने जनजाति मंत्री से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।



भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए आगे आया प्रशासन

## उपखंड कार्यालय परिसर में लगाए परिंडे, आमजन के लिए मटकों से पेयजल व्यवस्था

● राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** प्रदेशभर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पशु-पक्षियों के लिए पानी, दाना और छाया की व्यवस्था करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को गोगुंदा उपखंड कार्यालय परिसर में सराहनीय पहल की गई। उपखंड अधिकारी आईएएस शुभम भैसारे के निर्देशन में कार्यालय परिसर में पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी से भरे परिंडे बांधे गए। वहीं कार्यालय में आने वाले आमजन एवं काश्तकारों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु मटकों की व्यवस्था भी करवाई गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी शुभम भैसारे ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में सभी लोग अपने घरों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी, दाना और छाया की व्यवस्था अवश्य करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बेजुबान जीवों को राहत पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी, नायब तहसीलदार गणेश विजयवर्गीय सहित भू अभिलेख अधिकारी एवं पटवारी मौजूद रहे।



सेमारी में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

## पानी, बिजली और महंगाई को लेकर सरकार पर साधा निशाना

● राजस्थान दर्शन

**ऋषभदेव।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ऋषभदेव की ओर से शुक्रवार को सेमरी उपखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन और पैदल मार्च आयोजित किया गया। प्रदर्शन में पानी-बिजली संकट, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा नीट पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया। कार्यक्रम के तहत सेमरी बस स्टैंड से विधायक डॉ. दयाराम परमार, विधानसभा प्रभारी केबी मीणा और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपलाल मीणा के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारे लगाते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए खेरवाड़ा विधायक डॉ. दयाराम परमार ने कहा कि भजनलाल सरकार आम जनता को पानी, बिजली और रोजगार उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक से युवाओं के सपनों को ठेस पहुंची है। विधानसभा प्रभारी केबी मीणा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करना चाहती है तथा पंचायती राज चुनाव कराने से बच रही है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपलाल मीणा ने कहा कि सरकार गरीबों के हित की योजनाओं को बंद कर आमजन को परेशान कर रही है। कार्यक्रम को मंडल कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मीणा, अमर सिंह परमार, मनोहर सिंह मीणा, अशोक खटीक, कल्याण सिंह शक्तावत सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया। धरना-प्रदर्शन में उपप्रधान शंकरलाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कुमार मीणा, पूर्व पुलिस अधिकारी रूपलाल मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## शिवम हॉस्पिटल में शुरू हुई प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, घायलो का होगा निःशुल्क इलाज

● राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। गोगुंदा हाईवे स्थित बायन माता मंदिर के समीप संचालित शिवम हॉस्पिटल में अब सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों का उपचार प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा। इस पहल से हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अस्पताल संचालक डॉ राजेश धायल ने बताया कि अस्पताल में पिछले करीब दो वर्षों से मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का उपचार किया जा रहा है। अब प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना योजना जुड़ने से हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति को तत्काल भर्ती कर प्राथमिक उपचार से लेकर आवश्यक चिकित्सा सेवाएं बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएंगी। मरीज की पहचान या आर्थिक स्थिति देखने से पहले उसके जीवन को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि दुर्घटना के बाद के महत्वपूर्ण 'गोल्डन ऑवर' में उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सके। गौरतलब है कि गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर आए दिन गंभीर सड़क हादसे होते रहते हैं। ऐसे में समय पर उपचार मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह योजना क्षेत्रवासियों के लिए जीवन रक्षक साबित होगी। अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि समय रहते उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सके। इस योजना के लागू होने से गोगुंदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और दुर्घटना पीड़ितों को बड़ी राहत मिलेगी।




## कल्याणपुर क्षेत्र में रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग

● राजस्थान दर्शन

**कल्याणपुर।** चुंडा क्षेत्र कल्याणपुर के 42 गावों के ग्रामीणों ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम से विभिन्न मार्गों पर रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने सांसद महोदय के माध्यम से राजस्थान रोडवेज के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजकर बताया कि सलूंबर जिला मुख्यालय बनने के बाद क्षेत्र में बेहतर परिवहन सुविधा की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। ज्ञापन में बताया गया कि कल्याणपुर एवं आसपास के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों तथा मरीजों को उदयपुर, सलूंबर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं धरियावद जैसे प्रमुख शहरों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को निजी एवं महंगे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने उदयपुर-सलूंबर-कल्याणपुर,उदयपुर-ऋषभदेव-कल्याणपुर-खेरवाड़ा-डूंगरपुर, ऋषभदेव-देवसोमनाथ-फलोज-पुनाली-सागवाड़ा तथा ऋषभदेव-सलूंबर-धरियावद सहित विभिन्न मार्गों पर रोडवेज बस सेवा प्रारम्भ करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बस सेवाएं शुरू होने से शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा दूरदराज के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र मुख्य शहरों से बेहतर रूप से जुड़ सकेंगे। क्षेत्रवासियों ने राजस्थान रोडवेज प्रशासन से जनहित में शीघ्र बस सेवाएं शुरू करने की मांग की है।

## अजमेर में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट शिविर का समापन

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी बोले- मेहनत और अनुशासन से बनते हैं खिलाड़ी

● राजस्थान दर्शन

**जितेन्द्र सिंह रावत/अजमेर।** जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर 2026 का समापन शुक्रवार को चंद्रवरदाई मैदान में हुआ। समापन समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। देवनानी ने कहा कि आज के युवा खिलाड़ी ही देश और राज्य के भविष्य के सितारे हैं। क्रिकेट युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने के लिए कठोर मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास जरूरी है। प्रतिभा को सही मंच मिलना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिला क्रिकेट संघ महिला और पुरुष खिलाड़ियों को अवसर देकर उनकी प्रतिभा निखारने का सराहनीय कार्य कर रहा है। आज महिला खिलाड़ी भी क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि खिलाड़ी मोहल्ला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान मेहनत और लगन से बनाते हैं। खेल में तकनीकी समझ भी जरूरी है। गेंदबाज को स्विंग और स्पिन की तकनीक की जानकारी होनी चाहिए, जबकि बल्लेबाज को परिस्थितियों के अनुसार शॉट चयन करना आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान देवनानी ने नेट प्रैक्टिस में बल्लेबाजी कर शॉट भी लगाए। उन्होंने शिविर में उपलब्ध बॉलिंग मशीन, एस्ट्रोटर्फ और अन्य आधुनिक संसाधनों का अवलोकन किया। खिलाड़ियों ने भी क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह में प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गत सत्र में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव गोविंद उपाध्याय ने बताया कि शिविर में अंडर-14, 16 और 19 आयु वर्ग के करीब 90 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों को एस्ट्रोटर्फ और सॉइल पिच पर क्वालीफाइड प्रशिक्षकों द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संघ के कोषाध्यक्ष अनीश मोयाल ने कहा कि शिविर के माध्यम से खिलाड़ियों ने क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। प्रशिक्षित खिलाड़ी आगामी समय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अजमेर और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सीताराम शर्मा, जिला खेल अधिकारी रामनिवास चौधरी, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष मनीष शर्मा, बीसीसीआई सेंट्रल जोन हेड कोच प्रियंका शर्मा, पूर्व सचिव राजेश भड़ाना, दीपेंद्र सिंह, शक्ति सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।



## संक्षिप्त-समाचार

### फलासिया जैन समाज ने सुमंत्र सागर जी महाराज को दिया आगमन का निमंत्रण



● राजस्थान दर्शन

**फलासिया।** उदयपुर जिले के फलासिया तहसील मुख्यालय की दिगम्बर जैन समाज के समाजजनों ने शुक्रवार को कोल्यारी जैन मंदिर पहुंचकर मुनि श्री 108 सुमंत्र सागर जी महाराज को फलासिया आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर सादर निमंत्रण दिया।इस अवसर पर समाजजनों ने कोल्यारी जैन मंदिर में आयोजित पंच दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान में भी भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने मुनिश्री का आशीर्वाद लिया तथा फलासिया पधारने का आग्रह किया। इस दौरान फलासिया जैन समाज के कोषाध्यक्ष कुंदनलाल चंपावत, धनपाल पंचोली, महामंत्री पवन धन्नावत, उपाध्यक्ष जितेंद्र शाह, विपिन जैन, कमलेश जैन, पूर्व अध्यक्ष कालूलाल सोनिया, मणिलाल सोमिया, महावीर गोडलिया, शांतिलाल कोड़िया, नरेंद्र गोदावत, हरीश धन्नावत,अशोक चांपावत,रोनक देवावत सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### गोगुंदा विधानसभा संयोजक बने दयालाल चौधरी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

● राजस्थान दर्शन



**गोगुंदा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान 2026 के तहत भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली द्वारा विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई। नियुक्तियों में जिला समन्वयक के रूप में चन्द्रगुप्त सिंह चौहान तथा जिला संयोजक के रूप में नरेंद्र सिंह आसोलिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में विधानसभा स्तर पर भी संयोजकों की नियुक्ति की गई, जिसमें गोगुंदा विधानसभा संयोजक पद पर दयालाल चौधरी को नियुक्त किया गया। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने दयालाल चौधरी के निवास पहुंचकर उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं प्रकट की। इस अवसर पर दयालाल चौधरी ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और अभियान के माध्यम से गांव-गांव में जल बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से अभियान को सफल बनाया जाएगा।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन

● राजस्थान दर्शन



**गोगुंदा।** वीरपुरा ग्राम पंचायत में संचालित डिवाइन पब्लिक सेकेंडरी स्कूल के दो छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के छात्र पवन गायरी पुत्र गणेश लाल गायरी एवं जय कुम्हार पुत्र लक्ष्मी लाल ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर नवोदय विद्यालय में चयन प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से दोनों विद्यार्थियों का अभिनंदन कर उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी गई।

### तहसीलदार ने किया जनगणना कार्य का निरीक्षण



● राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी ने क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कस्बे में पहुंचकर जनगणना कार्य की प्रगति देखी और कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सैनी ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से जनगणना कार्य पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि आंकड़ों के संकलन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए तथा कार्य समय पर पूरा किया जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए तहसीलदार ने कर्मचारियों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि धूप से बचाव के उपाय अपनाकर ही फील्ड में कार्य करें।

### अजमेर में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

● राजस्थान दर्शन

**जितेंद्र सिंह रावत/अजमेर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेंद्र कुमार मीणा ने की। बैठक में सड़क सुरक्षा कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गड्ढों की मरम्मत, खुले जल निकासों की बैरिकेडिंग और असुरक्षित स्थानों पर रिफ्लेक्टर व संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि सड़क किनारे खुले मेनहॉल और नालियों के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जयपुर रोड पर बने अवैध कट हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि पहले इन्हें अस्थायी रूप से बंद कर उनकी उपयोगिता जांची जाए।